दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 190 जयपुर, बुधवार, 19 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


**बजट पूर्व परामर्श बैठक:** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, जनजाति क्षेत्रीय विकास को लेकर मुख्यमंत्री ने ली बैठक और कहा...

# समृद्ध समाज के निर्माण के लिए स्वस्थ समाज का होना आवश्यक

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में बजट सत्र की शुरुआत 3 जुलाई से होगी। इससे पूर्व सरकार विभिन्न विभागों व संगठनों के साथ संवाद बैठक आयोजित कर उनसे सुझाव ले रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को सीएमओ में दो अलग-अलग विभागों की परामर्श बैठक बुलाई गई। दोनों ही बैठकों में सीएम ने आगामी बजट में विभिन्न अधिकारियों व लोगों के सुझाव लिए। सीएम की पहली बैठक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ हुई। इस दौरान सीएम ने कहा कि समृद्ध



समाज के निर्माण के लिए स्वस्थ समाज का होना आवश्यक है। उत्तम स्वास्थ्य राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। इसी दिशा में काम कर प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों का उत्तम स्वास्थ्य राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कर राज्य सरकार आयुष्मान राजस्थान की संकल्पना को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में शिक्षा-चिकित्सा मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है तथा इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता।

## स्वास्थ्य सेवाओं का और अधिक किया जाएगा सुदृढ़ीकरण

बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत, सुगम एवं संवेदनशील बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आगामी बजट में सबका साथ-सबका विकास की अवधारणा पर बल देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का और अधिक सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, विभागीय अधिकारी एवं आईएलबीएस हॉस्पिटल, महावीर कैंसर हॉस्पिटल, एसएमएस मेडिकल कॉलेज, नारायणा हॉस्पिटल, मारवाड मेडिकल कॉलेज, आरयूएचएस, आईएमए राजस्थान ब्रांच, राजस्थान डेंटल काउंसिल के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद थे।



## सीएम भजनलाल शर्मा की केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मुलाकात

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री पाटिल को राजस्थान में जल जीवन मिशन व पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की प्रगति व क्रियान्वयन को लेकर जानकारी दी व प्रदेश से जुड़े अन्य विकासोन्मुख विषयों पर सकारात्मक चर्चा की।

---

**जरूरी खबर**

## हनुमान बेनीवाल ने विस की सदस्यता से दिया इस्तीफा



**जयपुर।** नागौर से सांसद चुने गए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता हनुमान बेनीवाल ने मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने खींवसर से विधायक रहते सांसद का चुनाव लड़ा था। बेनीवाल ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आरएलपी साथ नहीं आती तो इस बार लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का खाता नहीं खुलता। इससे पहले प्रदेश से चार नवनिर्वाचित सांसद दौसा से मुरारी लाल मीना, झुंझुनूं से बृजेंद्र ओला, बांसवाड़ा से राजकुमार रोत और टोंक सवाई माधोपुर से हरीश मीना विधायक पद से इस्तीफा दे चुके हैं।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


**पीएम बनने के बाद वाराणसी पहुंचे मोदी, बोले...**

# मां गंगा ने मुझे गोद लिया, मैं काशी का हो गया हूं...

एजेंसी | वाराणसी

वाराणसी से तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को काशी पहुंचे। उन्होंने देशभर के किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके बाद काशी की जनता का तहे दिल से धन्यवाद किया। पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पहली बार मैं काशी आया हूं। बाबा विश्वनाथ, मां गंगा और काशी की जनता के आशीर्वाद से मुझे तीसरी बार देश का प्रधानसेवक बनने का मौका मिला है। काशी की जनता ने मुझे जिताकर धन्य कर दिया। ऐसा लगता है कि अब तो माता गंगा ने भी मुझे गोद ले लिया और मैं यहीं का हो गया हूं। उन्होंने कहा कि इस बार देश के चुनावों ने नया इतिहास रच दिया है। दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहली बार है कि किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना गया हो। भारत की जनता ने यह कर दिखाया है। उन्होंने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि वे दिन-रात ऐसे ही मेहनत करेंगे और लोगों के सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए हर प्रयास करेंगे।

तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अपने पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के अंतर्गत लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों को 20,000 करोड़ रुपए से अधिक की 17वीं किस्त जारी की। अब तक 11 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों को पीएम-किसान योजना के अंतर्गत 3.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना बन गई है। उन्होंने कहा कि हम पैकेज्ड फूड के वैश्विक बाजार में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उनका सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कुछ अनाज या फल उत्पाद होना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक कृषि सखी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कृषि सखी कन्वर्जेंस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं का कृषि सखी के रूप में सशक्तीकरण करते हुए कृषि सखी महिलाओं को पैरा-एक्सटेंशन वर्कर के रूप में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करके, ग्रामीण भारत की तस्वीर को बदलना है। यह प्रमाणन पाठ्यक्रम 'लखपति दीदी' कार्यक्रम के उद्देश्यों के भी अनुरूप है। कृषि सखी के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी 12 राज्यों में ये योजना शुरू हुई हैं। आने वाले समय में पूरे देश में हजारों समूहों को इससे जोड़ा जाएगा। आज 3 करोड़ बहनों को लखपति बनाने की तरफ भी बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका उन्हें सम्मान और आय के नए साधन दोनों से सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत सबसे पहले किसान, नौजवान, नारीशक्ति और गरीब के सशक्तिकरण से की है। सरकार बनते ही देश में गरीब परिवारों के लिए 3 करोड़ नए घर, पीएम किसान सम्मान निधि और अन्य फैसले लिए हैं।

## पीएम-किसान योजना की 20,000 करोड़ की 17वीं किस्त जारी, 9.26 करोड़ किसानों को मिलेगा लाभ, 30 हजार से अधिक कृषि सखी महिलाओं को प्रदान किए प्रमाण पत्र





### पीएम मोदी का जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि के तहत 17वीं किश्त जारी करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने आभार जताया है। वे पीएम मोदी के वाराणसी कार्यक्रम से लाइव जुड़े। इस योजना के तहत राजस्थान के करीब 65 लाख किसान लाभार्थी होंगे। उधर, प्रदेश भाजपा मुख्यालय में किसान संगठनों ने पीएम मोदी और सीएम का आभार जताया है। किसान संगठनों ने पीएम और सीएम का आभार जताते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार किसान हितैशी है। भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के किसानों के उत्थान के लिए किसान सम्मान निधि में 2 हजार रुपए बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री शर्मा का आभार जताया। इसके तहत केंद्र सरकार पहले से 6 हजार रुपए दे रही है, अब प्रदेश में इस निधि में 2 हजार रुपए की अतिरिक्त बढ़ोतरी की है।

---

## राज्यपाल ने की राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री से मुलाकात





*नई दिल्ली। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की।*

## एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

बेधड़क | जयपुर


जयपुर एयरपोर्ट व शहर के एक कॉलेज को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जानकारी के अनुसार धमकी भरे मेल में लिखा था कि टर्मिनल बिल्डिंग में बम रखा है। सभी लोग मर जाएंगे। इसके बाद सीआईएसएफ ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। पुलिस के अलावा बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड भी मौके पर पहुंचा। इससे पहले सुबह 9 बजे जयपुर के एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। कॉलेज मैनेजमेंट को मेल के जरिए यह धमकी दी गई है। इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। इसके बाद पारीक कॉलेज को खाली करवाकर सर्च किया गया। इस पूरे मामले को लेकर एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि शास्त्रीनगर स्थित कॉलेज में एटीएस, एसओजी, क्यूआरटी और बम निरोधक दस्ते को भेज कर सर्च शुरू कराई गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नही मिली। मेल किस आईडी से आया इसको लेकर साइबर टीमें जांच में जुटी है।


पेज 3-8 भी देखें


**नीट मामले में SC की अहम टिप्पणी**

# 'धोखाधड़ी करने वाला कोई डॉक्टर बन गया तो...'

एजेंसी | नई दिल्ली



नीट यूजी परीक्षा 2024 के पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करने वाला कोई डॉक्टर बन गया तो गलत होगा। इस मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई और कहा कि अगर 0.001 प्रतिशत भी धांधली पाई गई तो स्ट्रिक्ट एक्शन लिया जाएगा।

जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हम छात्रों की मेहनत को नहीं भूल सकते हैं। बच्चे इसके लिए तैयारी करते हैं और हम उनकी मेहनत को नजरअंदाज नहीं कर सकते।

कोर्ट ने कहा कि अगर सिस्टम में धांधली करने वाला डॉक्टर बन गया तो समाज के लिए यह कितना हानिकारक हो सकता है। बेंच ने एनटीए से कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है, वह समाज के लिए ज्यादा हानिकारक होगा। इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी कर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट की परीक्षा रद्द की थी।

### दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश

पीठ ने नई याचिकाओं पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही इन नई याचिकाओं को भी पहले से लंबित याचिकाओं के साथ संलग्न करते हुए आठ जुलाई को सुनवाई के लिए लगाने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को नीट में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली दो नई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

---

**तीन नए क्रिमिनल लॉ...**

# मर्डर की धारा 302 से हो जाएगी 103... ऑनलाइन होगी FIR

- अब इलाका नहीं होने का बहाना नहीं बना सकेगी पुलिस
- BNS में जोड़ी मॉब लिंचिंग, स्नेचिंग और संगठित अपराध समेत अन्य कई नई धाराएं

बेधड़क | जयपुर

एक जुलाई से देश में नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। ब्रिटिश काल में सन 1860 में अंग्रेजों ने अपनी सुविधानुसार जिस IPC (INDIAN PENAL CODE) को लागू किया था। उससे लगभग छुटकारा मिल जाएगा।

एक जुलाई से पुलिस के जवान आईपीसी नहीं, बल्कि BNS (भारतीय न्याय संहिता) बोलेंगे। एफआईआर के हेड लाइन के साथ, सेक्शन, डिजिटल, फॉरेंसिक जांच के तौर तरीके सभी बदल जाएंगे। एक जुलाई से मर्डर धारा 302 नहीं बल्कि धारा 103 और धोखाधड़ी की धारा 420 नहीं, बल्कि धारा 316 होगी। एक जुलाई से अपराध और न्याय प्रणाली से जुड़े भारत के तीन कानूनों में बड़ा बदलाव हो जाएगा। इस बदलाव के बाद अपराध से संबंधित धाराओं,उनकी विवेचना और न्यायिक प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आएगा। इसके लिए राजस्थान पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। करीब 80 फीसदी पुलिसकर्मियों को नए कानून की ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

आईपीसी की जगह लेने वाली बीएनएस में 358 धाराएं रखी गई हैं। आईपीसी में 511 धाराएं थीं। इसी तरह दंड प्रक्रिया संहिता 1872 (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) लेगी। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं, जबकि बीएनएसएस में 531 धाराएं होंगी। वहीं इंडियन एविडेंस एक्ट (आईईए) भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहलाएगा। बीएनएस के तहत एक जुलाई से सबसे बड़े अपराध हत्या अन्य गंभीर अपराधों कीधारा बदल जाएगी। पुलिस बीएनएस लागू होने के बाद हत्या की धारा में आईपीसी की जगह बीएनएस 103 (1) लगाएगी।



### व्यावहारिक दृष्टिकोण से नए कानून बेहतर

पुराने कानून की प्रासंगिकता खत्म हो रही थी। व्यावहारिक दृष्टिकोण से नए कानून बेहतर हैं। आमजन अब किसी भी थाने में अपनी एफआईआर दर्ज करा सकेगा। कोई भी परिवादी ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करा सकेगा।

**- यूआर साहू, डीजीपी**

### 7 साल की सजा वाले केस में FSL टीम जाएगी मौके पर

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के अनुसार अब सात वर्ष से अधिक सजा वाले अपराध के प्रकरण में एफएसएल टीम को मौके पर जाना होगा] वहीं सीआरपीसी की धारा 144 की जगह अब 163 लेगी। शांतिभंग करने पर 151 की धारा के बजाए पुलिस 170 में गिरफ्तार करेगी। पाबंद करने के लिए 107 की जगह बीएनएसएस की धारा 126 का उपयोग होगा।

### आईपीसी की जगह बीएनएस के तहत इन धाराओं में होंगे केस

| अपराध | IPC | BNS |
|---|---|---|
| हत्या | 302 | 103(1) |
| हत्या का प्रयास | 307 | 109 |
| दुष्कर्म | 376(1) | (2) 64 |
| गैंगरेप | 376(डी) | 70(1) |
| लूट | 392 | 309(1) |
| डकैती | 395 | 309(4) |
| चोरी | 379 | 303(2) |
| दहेज हत्या | 304 | (बी) 80 |
| आत्महत्या का प्रयास | 306 | 108 |
| छेड़छाड़ | 354 | 74 |
| राजकार्य में बाधा | 332 | 121(1) |
| दुर्घटना | 279 | 281 |

जरूरी खबर

## पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया ने मेघवाल से की भेंट



**चाकसू।** भाजपा नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया ने मंगलवार को दिल्ली आवास पहुंचकर केंद्रीय कानून एंव न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की। खोलिया ने मेघवाल को मोदी सरकार में दूसरी बार कानून एवं न्याय राज्यमंत्री बनाए जाने पर गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इस दौरान खोलिया ने चाकसू क्षेत्र की समस्याओं एवं राजनीतिक बिन्दूओं पर भी मंत्री मेघवाल से चर्चा की। खोलिया 2016 में राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

## नवाचारी किसानों ने बताए उन्नत खेती के उपाय

**जयपुर।** विकसित राजस्थान -2047 के संबंध में राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा में आयुक्त कृषि कन्हैया लाल स्वामी की अध्यक्षता में किया गया। कृषि आयुक्त ने कहा कि 2047 तक देश में राज्य को कृषि क्षेत्र में सर्वोपरि बनाने के लिए जिला स्तरीय व एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन कर प्राप्त सुझावों को विकसित राजस्थान-2047 के विजन डाक्यूमेंट में शामिल किया जाएगा। उन्होनें कहा कि विकसित राजस्थान-2047 के सपने को साकार करने में कृषि विभाग की अहम भूमिका रहेगीं। इस दौरान खेती में नवाचार करने वाले किसानों ने उन्नत खेती के लिए अनेक सुझाव दिए।

## ऊर्जा मंत्री ने सौर संयंत्र का किया उद्घाटन



**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मंगलवार को दो दिवसीय बाड़मेर यात्रा के दौरान भिंडा स्थित प्रधानमंत्री-कुसुम ए योजना अंतर्गत 2 मेगा वॉट तथा 1 मेगा वॉट के सौर संयंत्र का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री-कुसुम ए योजना अंतर्गत यह दो मेगा वॉट के सौर संयंत्र भिंडा ग्रिड सब स्टेशन को विद्युत सप्लाई देगा तथा इसी का एक मेगा वॉट का सौर संयंत्र जेठानियों की ढाणी को विद्युत सप्लाई देगा। इस दौरान मंत्री नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कई विकासशील निर्णय ले रही है। उन्होंने सौर ऊर्जा केन्द्रित योजनाओं में अधिक से अधिक जनसहभागिता का आह्वान किया।

ऊर्जा मंत्री नागर ने विद्युत निगमों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा...

# बिजली आमजन की जरूरत, समस्याओं के प्रति रहें गंभीर

बेधड़क | जयपुर



बिजली आज के समय में आमजन की महत्ती जरूरत है। इसलिए आमजन की बिजली संबंधी समस्याओं का गंभीरता से निस्तारण करें। आमजन के फोन कॉल नियमित रूप से अटेंड करें एवं संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं का समाधान करें।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मंगलवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत निगमों के संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में ये बात कही। उन्होंने कहा कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को समझते हुए अभी से प्लानिंग करें और उसके अनुरूप 220 केवी जीएसएस, 132 केवी जीएसएस एवं 33/11 केवी सब स्टेशनों के प्रस्ताव बनाकर उनका फॉलो अप करते हुए उनकी स्वीकृति कराए। स्वीकृति के बाद उनका समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करवाकर आम जन को लाभ प्रदान करें। मंत्री नागर ने कहा कि राजस्थान सरकार ने बिजली उत्पादन में रही कमियों को दूर करते हुए उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कई एमओयू किए हैं एवं अन्य प्रदेशों से भी मांग के अनुरूप बिजली की खरीद की जा रही है। साथ ही कोयले का जो संकट था उसका भी लगभग समाधान कर दिया है। उन्होंने प्रसारण निगम के अधिकारियों को जिले में स्वीकृत 220 केवी जीएसएस एवं 132 केवी जीएसएस के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### निर्धारित समय में पूरे हों काम

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आरडीएसएस योजना में स्वीकृत 33/11 केवी सब स्टेशनों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संविदाकारों से समन्वय कर निर्धारित समय सीमा में कार्य होना सुनिश्चित कराए। साथ ही विद्युतीकरण से वंचित परिवारों को आरडीएसएस योजना में प्राथमिकतावार कनेक्शन दें। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर बिजली योजना के बारे में आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करें ताकि वे बिजली आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन सकें।

### विधायक ने रखी ये मांग

बैठक में चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने 220 केवी सांवा जीएसएस का कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने की बात कही। सिवाना विधायक हमीरसिंह भायल ने पादरू में 132 केवी जीएसएस पर अतिरिक्त क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने, जले हुए ट्रांसफॉर्मरों को बदलवाने एवं बालोतरा में स्टोर संचालित करने की मांग रखी। स्वरूपसिंह खारा ने 220 केवी जीएसएस शिव का शीघ्र निर्माण करने एवं दीपक कड़वासरा ने बाड़मेर के शिवनगर में 33/11 केवी सब स्टेशन का कार्य शीघ्र पूरा कराने की बात कही। साथ ही जिले में प्रसारण निगम एवं वितरण निगम में रिक्त पदों को भरने की मांग उर्जा मंत्री से रखी। इस पर नागर ने जनप्रतिनिधियों की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बैठक में अधीक्षण अभियंता बाड़मेर अशोक कुमार मीना ने संभाग स्तर का प्रजेंटेशन प्रस्तुत कर प्रगति के बारे में अवगत कराया। बैठक में अधीक्षण अभियंता अजय माथुर, प्रसारण निगम के अधीक्षण अभियंता मोहम्मद आदिल, उत्पादन निगम के मुख्य अभियन्ता, वितरण निगम के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री अमृत पर्यावरण महोत्सव में हुए शामिल, कहा...

# गोमाता और वृक्षों के संरक्षण से ही बचेगा देश: दिलावर

बेधड़क | जयपुर



शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि इस सृष्टि में ईश्वर की सबसे बेहतरीन सरंचना है तो गोमाता है। उन्होंने कहा कि गोमाता और वृक्षों के संरक्षण से ही देश बचेगा, उन्होंने लोगों से गोमाता और वृक्षो के संरक्षण का आह्वान किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मंगलवार को सीकर जिले के फतेहपुर बुधगिरी मढी में आयोजित अमृत पर्यावरण महोत्सव एक पेड़, देश के नाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहें थे।

उन्होंने उज्जवला योजना, सबसीडी, आवास योजना सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वालों, स्कूल के शिक्षकों और अभिभावकों का आह्वान किया कि वे कम से कम चार वृक्ष लगाए। शिक्षा मंत्री ने पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़-पौधे की अहमियत बताने के साथ ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने पर जोर दिया। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि गोमाता के बिना हमारा जीवन मुश्किल है। उन्होंने कहा कि गोवंश का उपयोग खेती के जोतने के काम में लिया जा सकता है तथा गोमाता हमें 24 घंटे आक्सीजन देती है। उन्होंने बताया कि गोमाता के पास बैठने से भी कई बीमारियां दूर हो जाती है और गोमाता के पीठ पर हाथ फेरने से बल्ड प्रेशर भी कम होता है। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि गाय का दूध पीने वाला बुद्धिवान व चंचल होता है। उन्होंने कहा कि गोमाता की सेवा करने वाले को भगवान माना गया है। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने सीकर जिले में शिक्षा के विकास के लिए 64 करोड रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अजीत सिंह, योगेश शर्मा, राकेश पटवारी, गोवत्स महिला मंडली आदि को प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल, श्रवण चौधरी, सुशील पंवार, रामावतार, पूर्व शिक्षा उपनिदेशक जगदीश शर्मा, सरपंच रामप्रसाद सुण्डा, विकास भास्कर, सरपंच संजय प्रजापत, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र सिंह पुरोहित, एसडीएम दयमंती कवंर, डीएसपी रामप्रताप विश्नोई सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### प्राण वायु के लिए पेड़ लगाना जरूरी

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पर्यावरण संरक्षण पर बोलते हुए कहा कि प्राण वायु के लिए पेड लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पेडों के काटने से ही धरती का तापमान बढ़ा है। यह हमारे लिए खतरे की घंटी है। पृथ्वी के तापमान को कम करने के लिए पेड लगाना और उनका संरक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में आठ अगस्त को अमृत पर्यावरण महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें आमजन की भागीदारी होना जरूरी है, ताकि अधिकाधिक पेड़ लगाए जा सके।

### कामधेनु गोशाला में लगाए पौधे

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधगिरी मढी स्थित कामधेनु गोशाला में पौधारोपण किया तथा महंत दिनेशगिरी के सानिध्य में गोमाता की पूजा-अर्चना की। बुद्धगिरी मढी पहुंचने पर सबसे पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मढी में महंत दिनेश गिरी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर मढ़ी परिसर में दर्शन किए। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान किया गया।

### विद्यालय के नए भवन का शिलान्यास

शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने राउमावि नयाबास फतेहपुर में पी.ए.बी 2023-24 योजनान्तर्गत 4.49 करोड़ रुपए की लागत से नए भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएमश्री योजना में स्कूलों के लिए सरकार पर्याप्त पैसा दे रही है। अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढाएं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल में 10वीं परीक्षा में बेटी सर्वाधिक अंक लेकर आई है वह सरकारी स्कूल से आई है। उन्होंने कहा कि इस बार इस गांव का बच्चा या बच्ची टॉपर आना चाहिए, इसके लिए प्रिंसिपल साहब प्रयास करें।

छात्रों के धरने-प्रदर्शन की आशंका

# आरयू दीक्षांत समारोह से पहले कई छात्र नेताओं को किया पाबंद

बेधड़क | जयपुर




राजस्थान विश्वविद्यालय में बुधवार को दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। इससे पहले पुलिस प्रशासन की ओर से कई छात्र नेताओं को पाबंद किया गया है। छात्र नेताओं की ओर से धरने प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए कार्यपालक मजिस्ट्रेट जयपुर ईस्ट की ओर से नोटिस देकर 6 महीने के लिए पाबंद किया गया है। छात्र नेताओं को बुधवार को सुबह 10 बजे कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया है।

एनएसयूआई छात्र नेता महेश चौधरी के मुताबिक राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्र नेताओं के धरने-प्रदर्शन के डर से प्रदर्शन से पहले ही छात्र नेताओं को 6 महीने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पाबंद करवाया गया है। एनएसयूआई छात्र नेताओं का कहना है कि राजस्थान विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश में यूजीसी नियमों के विरुद्ध संशोधन कर अपने चाहिता को फायदा दिया जा रहा है। इससे भाई भतीजाबाद को बढ़ावा मिल रहा है। मेरिट सूची में आने वाले योग्यता वाले ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं का पीएचडी में प्रवेश नहीं हुआ है। इस मामले को लेकर पिछले 1 महीने से एनएसयूआई और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से विरोध किया जा रहा है, लेकिन अभी तक छात्रों से संवाद भी नहीं किया गया। आंदोलनरत छात्रों की ओर से राज्यपाल से भी मिलने का समय मांगा गया, लेकिन अभी तक समय नहीं मिला है। दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं की ओर से राज्यपाल से मिलकर विभिन्न समस्याओं के संबंध में अवगत कराने का कार्यक्रम रखा गया था, लेकिन इससे पहले ही छात्र नेताओं को पाबंद किया जा रहा है, जिससे छात्रों और छात्र संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। एनएसयूआई छात्र नेता महेश चौधरी, राम सिंह समोता, रामस्वरूप ओला, किशोर चौधरी अमरदीप परिहार, मेघराज गुर्जर समेत अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को 6 महीने के लिए पाबंद किया गया है।

पीएचईडी विभाग के राज्य कर्मचारी संघ की हुई बैठक

# सर्वसम्मति से चुने गए वरिष्ठ उपाध्यक्ष




बेधड़क | जयपुर

राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल भवन स्थित कार्यालय मे आयोजित बैठक में अध्यक्ष महेंद्र शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष का मनोनयन किया गया। संघ के सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी ने बताया की संघ के सभी सदस्यो के निर्णय अनुसार वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर सुभाष चन्द लुगारिया, करुणा निधि गुप्ता, जगमोहन अरोड़ा, मुरलीधर बसरानी, राजकुमार वर्मा, महेंद्र कुमार वर्मा, शिवदान बुनकर को सर्वसम्मति से चुना गया। इस मौके पर जलदाय विभाग विभाग के अधिशासी अभियंता मुख्यालय आशीष दत्ता, सहायक अभियंता वासुदेव शर्मा, आशु कुमावत, मयंकेश मीना सहित संघ के सलाहकार समिति के रवि शंकर खाक्सा, रॉकी भार्गव, छगनलाल मीणा, बाबूलाल खाती, सुशील शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी राजन अग्रवाल ने माल्यार्पण कर सभी वरिष्ठ उपाध्यक्ष का स्वागत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद ग्रहण के बाद विभाग के सभी कर्मचारियों अधिकरियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।

चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने जनसुनवाई में कहा...

# जनता के लिए सदा खुले हैं मेरे घर के द्वार

बेधड़क | चाकसू



विधायक रामावतार बैरवा ने मंगलवार को अपने गांधीनगर सरकारी आवास पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना। इस दौरान काफी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए पहुंचे। आमजन ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी परिवेदनाएं उनके समक्ष रख कर निस्तारण कराने की मांग उठाई।

विधायक बैरवा ने जनसुनवाई में आए प्रत्येक परिवादी की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्तालाप कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से परिवेदनाओं को सुनते हुए कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक व्यक्ति के साथ खड़ी है। क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। मेरे घर के द्वार जनता के लिए सदा खुले हैं। विधायक ने कहा कि मैं स्थानीय व्यक्ति हूं। जनता ने मुझे सेवा का अवसर दिया है। इसलिए में हर समय सहज सुलभ रहता हूं, यही मेरा मुख्य दायित्व बनता है। पार्षद मांगीलाल बैरवा ने बताया कि सरकारी आवास पर जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से जुड़ी ज्यादातर समस्याएं पेयजल की आपूर्त्ति, बिजली आपूर्ति, सड़क, मानसून पूर्व सफाई के संबंध में आई। इनमें अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इस अवसर पर आमजन ने विधायक रामावतार बैरवा का अभिनन्दन किया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई

# जनता की पीड़ा का सरकार के स्तर पर समाधान का प्रयास: गरासिया

बेधड़क | जयपुर



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनता की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिए।

इस दौरान राज्यसभा सांसद गरासिया ने कहा कि जनसुनवाई में जनता के दर्द को पहचान कर सरकार के स्तर पर समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को राजस्व से जुड़े मामलें, आवासीय कॉलोनियों में अतिक्रमण और निःशक्तजनों से जुड़े विभिन्न मामले सामने आए। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि भाजपा के पदाधिकारी सरकार का ही एक पक्ष है। सत्ता और संगठन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ऐसे में भाजपा कार्यालय में शुरू की गई जनसुनवाई में आए परिवादों पर संगठन स्तर पर सुनवाई करते हुए सत्ता के माध्यम से समाधान करवाया जाएगा। भाजपा का लक्ष्य चुनाव लड़ना ही नहीं होता है, बल्कि चुनाव जीतकर समाज के बीच में रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करना है। गरासिया ने कहा कि भाजपा कार्यालय में आने वाले प्रत्येक परिवाद के निस्तारण के लिए समक्ष स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। आमजन की समस्या पर संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने के बाद उसका फॉलोअप तक किया जाता है। संगठन स्तर से परिवादी की समस्या के निराकरण के लिए पत्र भेजा जा रहा है, इस पर कार्रवाई कर परिवादी को सूचित किया जाएगा। फिर चाहे पीड़ित, गरीब, किसान, एसटी-एससी, ओबीसी या किसी भी वर्ग का ही क्यों ना हो, संगठन स्तर पर किसी प्रकार का भेदभाव किए बिना आने समस्याओं की भाजपा के पदाधिकारी जनसुनवाई कर रहे है।

### प्रकोष्ठों की बैठकों में कई मुद्दों पर चर्चा

भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रघुवीर सिंह चौधरी की अध्यक्षता में समपन्न हुई। इसमें प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक एवं संभाग प्रभारी मौजूद रहें। भाजपा पंचायतीराज के प्रदेश संयोजक रघुवीर सिंह चौधरी ने बताया कि बैठक में प्रकोष्ठ की संगठनात्मक संरचना एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक राजेन्द्र मीणा शेखपुरा, भूपेन्द्र सिंह बड़ोली, छवी राजावत, गोविन्द परमार, रामवीर यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें। वहीं दूसरी ओर भाजपा व्यवस्था टोली बैठक भी आयोजित की गई। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने प्रदेश की सभी लोकसभा से आए व्यवस्था संयोजकों से संवाद किया और आगामी रूपरेखा तय की। इसके बाद भाजपा प्रदेश भवन निर्माण समिति की भी बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष अनिल सिसोदिया एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान राजस्थान में विभिन्न जिलों में चल रहे भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा की एंव आगामी होने वाले कार्यों की रूपरेखा बनाकर क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए।

## जरूरी खबर

### अच्छी बरसात के लिए बृहस्पति धाम में 'वर्षा यज्ञ'



**जयपुर।** जनसमस्या निवारण मंच की ओर से प्रदेश में अच्छी बरसात की मनोकामना के लिए द्रव्यवती नदी किनारे स्थित बृहस्पति धाम मन्दिर दुर्गा पुरा में 'वर्षा यज्ञ' का आयोजन किया गया। मंच अध्यक्ष सूरज सोनी ने बताया कि महंत नरेन्द्र के सानिध्य और आचार्य महेश शर्मा के नेतृत्व मे विद्वान पंडितों की ओर से भगवान विष्णु, देवराज इंद्र और बृहस्पति महाराज को आहुतियां प्रदान कर विश्व कल्याण के लिए अच्छे मानसून की कामना की गई। साथ ही ग्लॉबल वार्मिंग के चलते बढ़ते जा रहे तापमान से बचाव के लिए युवाओं से पौधारोपण का आह्वान किया। सोनी ने बताया कि इस बार गर्मी ने अपना रिकॉर्ड तोड़ा है। तेज गर्मी के बाद अच्छे मॉनसून की उम्मीद की जाती है। इस बार भी किसानों और आम जन को ईश्वर से भारी वर्षा की उम्मीद भी और कामना है।

### आधी रात कौनसा अतिक्रमण तोड़ रही थी पुलिस?

**जयपुर।** पुलिस की गाड़ी ने एक जूस की दुकान को टक्कर मार दी। इससे दुकान का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जब पीड़ित ने पुलिस टीम से बात की तो पहले माफी मांग ली, फिर बाद में कह दिया- कई दिनों से शिकायत मिल रही थी। इसलिए दुकान को तोड़ा गया। इसके बाद पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं। आखिर देर रात जयपुर पुलिस गाड़ी से क्या अतिक्रमण तोड़ा जा रहा था। घटना सांगानेर सदर थाना इलाके के गोविंदपुरा चौराहे पर नई पुलिस चौकी के पास की है। यहां बालाजी के मंदिर के नजदीक 16 और 17 जून की दरमियानी रात 2 बजे पुलिस की गाड़ी ने एक जूस की दुकान पर जबरदस्त टक्कर मार दी। इससे दुकान का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**दुस्साहस:** दो निजी कॉलेजों को फिर बम से उड़ाने की धमकी, दहशतगर्दों ने मेल में लिखा...

# कॉलेज में बम है, हमारा आदमी अंदर है सबको गोली मार देगा

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के बियानी व एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद पुलिस व छात्र-छात्राओं में हड़कंप मच गया। धमकी भरा मेल मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर कमिश्नरेट की पुलिस के साथ एटीएस, एसओजी, क्यूआरटी और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। सर्च की कार्रवाई से पहले कॉलेज छात्र-छात्राओं को बाहर निकाला गया और पुलिस ने पुर सर्च शुरू कराई, लेकिन पुलिस को मौके पर कोई संदिग्ध वस्तु नही मिली। मेल किस आईडी से आया इस पर साइबर टीमें काम कर रही हैं। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे कॉलेज मैनेजमेंट को मेल के जरिए यह धमकी दी गई है। इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। इसके बाद बियानी व पारीक कॉलेज को खाली करवाकर सर्च किया गया था।






### धमकी देने वाले ने केएनआर बताया ग्रुप का नाम

दहशत फैलाने वाले ने धमकी दी कि हमारे ग्रुप का नाम केएनआर है। हम ही इस हमले के पीछे है। हमारे ग्रुप ने ही दिल्ली के स्कूल में 1 मई को हमला करवाया था। आपके कॉलेज में भी हमने किसी के बैग में बम रखा है। कॉलेज के अंदर एक व्यक्ति राइफल लेकर घुस गया है। वह सभी को गोली मार देगा।

### एक महीने पहले 56 स्कूलों में फैलाई थी दहशत

करीब एक महीने पहले भी जयपुर के 56 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। अज्ञात व्यक्ति ने सभी स्कूल के प्रिंसिपल को सुबह-सुबह मेल के जरिए स्कूल की बिल्डिंग में बम होने की सूचना दी थी। आनन-फानन में सारे स्कूल को खाली करवाया गया था। दिनभर सभी स्कूलों में सर्च किया गया था, लेकिन किसी भी स्कूल में विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।

**JDA ने न्यू सांगानेर रोड पर वंदे मातरम मार्ग तक की कार्रवाई**

# 4 घंटे में 85 दुकान और मकान तोड़े, आज 120 पर बुलडोजर!

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर इलाके में 1.8 किलोमीटर एरिया में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) 200 से ज्यादा घर, दुकान, स्कूल और अवैध निर्माण तोड़ रहा है। जेडीए ने पहले दिन मंगलवार को 4 घंटे में लगभग एक किलोमीटर के क्षेत्र में बने 85 मकान, दुकान, बिल्डिंग, बाउंड्री वॉल और कच्चे निर्माण को ध्वस्त किया। अब बुधवार को 800 मीटर क्षेत्र से बने 120 से ज्यादा अवैध निर्माण तोड़े जाएंगे। इसमें घनी आबादी वाला क्षेत्र भी शामिल है। यहां बड़ी संख्या में घर हैं। जेडीए को कार्रवाई करता देख अब कुछ लोग अपने निर्माण खुद तोड़ने लगे हैं।

जेडीए की टीम ने मंगलवार को हीरा पथ (बी-2 बाईपास न्यू सांगानेर रोड) से वंदे मातरम् मार्ग तक प्रस्तावित 100 फीट सेक्टर रोड (हिमांक पथ और चोपड़ा फार्म रोड) पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। सुबह 10 बजे हीरा पथ से शुरू हुई जेडीए की कार्रवाई दोपहर 1:30 बजे सेंट टेरेसा स्कूल पर खत्म हुई। जेडीए के अधिकारियों ने यहां बने अवैध निर्माणों को खुद के स्तर पर हटाने की समझाइश की। करीब 12 घरों-दुकानों के मालिकों ने खुद के स्तर पर जेडीए की मशीनों की मदद से निर्माण हटाना शुरू कर दिया। कार्रवाई को लेकर लेकर अवैध निर्माणकर्ताओं को एक महीने पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए थे। इसके बाद काफी संख्या में स्थानीय लोगों ने खुद के स्तर पर भी अपने अवैध निर्माण को ध्वस्त करना शुरू कर दिया था।



फोटो: पंकज शर्मा



### 100 फीट रोड का फायदा किसको मिलेगा?

वंदे मातरम् सर्किल तक 1.8 किमी 100 फीट चौड़ी लिंक रोड का निर्माण पूरा होने के बाद पृथ्वीराज नगर और मानसरोवर में रहने वाले लाखों लोगों को इसका सीधा फायदा होगा। इससे अजमेर रोड और न्यू सांगानेर रोड के साथ ही अन्य वैकल्पिक मार्ग पर वाहनों की आवाजाही का दबाव कम होगा।

### इन इलाकों में भी कार्रवाई की तैयारी

भविष्य में जेडीए न्यू सांगानेर रोड, पृथ्वीराज नगर, सिरसी, जगतपुरा और अजमेर रोड क्षेत्र में सरकारी जमीन और सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की तैयारी कर रहा है। जेडीए के मुख्य नियंत्रक अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार को हुई कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने खुद के स्तर पर ही अपने निर्माण को हटाना शुरू कर दिया था। काफी लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने अपने निर्माण को नहीं हटाया है। उनके खिलाफ बुधवार को जयपुर विकास प्राधिकरण की टीम कार्रवाई को अंजाम देगी। इस दौरान टीम के साथ ही अतिरिक्त पुलिस जाब्ता भी तैनात रहेगा, ताकि किसी भी तरह के विरोध या स्थिति से निपटा जा सके।

### स्कूल को 24 घंटे की मोहलत दी

जेडीए के मुख्य नियंत्रक महेंद्र कुमार शर्मा ने कहा- सेंट टेरेसा स्कूल के संचालकों को अवैध निर्माण हटाने के लिए अगले 24 घंटों की मोहलत दी गई है। अगर इसके बाद भी अवैध निर्माण को स्कूल द्वारा अपने स्तर पर नहीं हटाया गया तो जेडीए की टीम अवैध निर्माण को तोड़ेगी।





### 20 लोग स्टे लेकर आए, 9 में मुआवजे की मांग

20 लोग कोर्ट से स्टे लेकर आ गए हैं। इनमें 9 मामलों में मुआवजे को लेकर केस विचाराधीन है। इनका निर्माण 2003 से पहले का है। राजस्थान सरकार के आदेश अनुसार जयपुर के पृथ्वीराज नगर इलाके में सेक्टर रोड पर 2003 से पुराने स्ट्रक्चर तोड़ने पर निर्माणकर्ता को भुगतान किया जाता है। वहीं, 11 में पारिवारिक विवाद और किराएनामे जैसे विवाद को लेकर कोर्ट में केस चल रहे हैं। अलग-अलग कोर्ट में सबके मामले विचाराधीन हैं। इनकी सुनवाई की तारीख भी अलग-अलग है।

इस पूरे मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर ही अंतिम फैसला होगा। दूसरी ओर, जेडीए हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही अवैध निर्माण तोड़कर सेक्टर रोड बना रहा है। जेडीए के उपायुक्त सुनील शर्मा ने बताया- फिलहाल जो मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं, उन पर जयपुर विकास प्राधिकरण की लीगल टीम काम कर रही है। जल्द ही इन मामलों को लेकर हम कोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे। हाईकोर्ट के दिशा-निर्देश में ही आगे की कार्रवाई को पूरा किया जाएगा।

**नीट मामले में HC में नहीं हुई सुनवाई**

## जयपुर में 4 याचिकाएं लगीं, एग्जाम रद्द कर CBI से जांच हो

**एजेंसी** | जयपुर



नीट परीक्षा विवाद मामले में मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। समय कम होने के चलते सुनवाई नहीं की गई। वेकेशन जज जस्टिस भुवन गोयल की अदालत में मंगलवार को 4 याचिकाएं लिस्ट थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने कोर्ट से मामले को गंभीर बताते हुए मंगलवार को ही सुनवाई का आग्रह किया था, लेकिन कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि जयपुर बेंच में 4 याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी। इन याचिकाओं में नीट एग्जाम को लेकर हुई गड़बड़ियो के चलते पूरी परीक्षा को रद्द करने, परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने सहित अन्य मांगें की गई थी। हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर करने वाले यश्विनी, तनुजा यादव और यक्शश्री दूबे के अधिवक्ता राम प्रताप सेनी ने बताया कि हमने इन याचिकाओं में अदालत से मांग की है कि नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए पूरी परीक्षा को रद्द करके फिर से करवाया जाए।

**निर्जला एकादशी पर आयोजन**

## ठाकुर जी को 201kg मिल्क रोज, 201 kg अमरस का भोग लगाया



**एजेंसी** | जयपुर

निर्जला एकादशी पर मंगलवार को स्माइल स्प्रेडर्स ग्रुप तथा सारस्वत भक्त मंडल सोडाला के संयुक्त तत्वावधान में सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर स्थित ठाकुर श्री रामचंद्र जी के मंदिर में ठाकुर जी को 201 किलो दूध केसर एवं गुलाब के शरबत मिश्रित मिल्क रोज, 201 किलो आम का अमरस एवं 251 किलो केलों का भोग लगाया। इसके बाद प्रसाद को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती मरीजों, परिजनों तथा राहगीरों को वितरित किया। करीब 6000 गिलासों में मिल्क रोज तथा आमरस का वितरण किया गया। बसों में, गाड़ियों में, रिक्शा आदि वाहनों में सफर कर रहे यात्रियों को प्रसाद वितरित किया गया। सुबह 10 बजे से ही प्रसादी ग्रहण करने के लिए भक्तों का तांता लग गया था। आयोजन में तपिश शर्मा, संतोष कुमावत, अशोक कुमावत, साहिल शर्मा, विजय शंकर अग्निहोत्री, रवि सोनी, भूपेंद्र मीना, पंडित दीपक शर्मा, मीना अरोड़ा, पूनम कुमारी, चेतन गुप्ता, सुनील तथा सारस्वत भक्त मंडल के संयोजक अरुण ओझा का योगदान रहा।


**राजधानी में लोग गर्मी से परेशान, 8 जिलों में भी ऐसा ही असर**

# निर्जला एकादशी पर हीटवेव, जयपुर में पारा रहा 43 डिग्री

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में गर्मी का सितम फिलहाल जारी है। मौसम विभाग की ओर पूर्व में जारी अलर्ट के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के 8 से ज्यादा जिलों में हीटवेव का असर बना रहा।

राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां दिनभर तेज धूप के साथ चली गर्म हवाओं ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। मंगलवार को निर्जला एकादशी पर लोगों ने जयपुर में जगह जगह लोगों को शीतल पेय पिलाया गया, जिससे भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को खासी राहत मिली। जयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया।



### पूर्वी जिलों में आज से बारिश की संभावना




मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 19 जून से राजस्थान के पूर्वी जिलों (अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली, कोटा, बारां, झालावाड़) में प्री-मानसून की बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। हवा का पैटर्न बदलने से अब पूर्वी हवा पश्चिमी की तरफ आनी शुरू हो गई। इससे बंगाल की खाड़ी से मध्य और पश्चिमी भारत में नमी वाला मौसम रहेगा। इसके अलावा गंगानगर, बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली, कोटा, बारां, झालावाड़ के एरिया में दोपहर बाद धूलभरी आंधी चलने और कहीं-कहीं मेघगर्जना के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

### 16 दिनों से आगे नहीं बढ़ रहा मानसून

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश समेत मध्य और उत्तर भारत के राज्यों में मानसून बंगाल की खाड़ी ब्रांच से आता है। 31 मई से अब तक यानी 16 दिन से मानसून यहां आगे ही नहीं बढ़ रहा। 31 मई को मानसून सिक्किम में प्रवेश किया, जिसके बाद से आगे नहीं बढ़ा। इधर, अरब सागर की ब्रांच की भी गति अब थम गई है। 10 जून को गुजरात की सीमा पर आने के बाद मानसून ठिठक गया है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि 19 जून से मानसून एक बार फिर गति पकड़ेगा।

### नीलगाय का शिकार करने में चार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने नीलगाय का शिकार करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर किया है। उनके कब्जे से नीलगाय का शव बरामद किया गया है। साथ ही एक 12 बोर बंदूक और दो खाली कारतूस भी मिले हैं। पुलिस ने आरोपी अब्दुल लतीफ, सुफियान सैयद, इमरान अली और मुज्जमिल अहमद को गिरफ्तार किया है। घटना के दौरान उपयोग में ली गई कार को भी जब्त किया गया है। डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा ने बताया कि सोमवार को रात 2 बजे कुछ युवक नीलगाय की हत्या करके उसका शव कार की डिग्गी में डालकर ले जा रहे थे। सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी करवाई। आरोपियों ने कार नहीं रोकी तो पीछा कर चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

## जरूरी खबर

### 15 लाख का डोडा चूरा जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़।** जिला विशेष टीम व बेगूं पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 91 किलोग्राम डोडा चूरा सहित कार को जब्त किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो लोग कार से एस्कॉर्टिंग कर रहे थे। जब्त डोडा चूरा की कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस ने चेतन लाल जाट अजमेर जिले के निवासी जयकुमार लखारा व सत्यनारायण जाट को भी गिरफ्तार कर लिया। साथ ही भागने वाले आरोपी चालक डूंगरमल उर्फ भरत रेबारी को नामजद कर लिया। जिला विशेष टीम को सूचना मिली कि बेगूं थाना क्षेत्र में ठुकराई से श्रीनगर, भंवरकिया की तरफ जाने वाली कार में अवैध डोडा चूरा का परिवहन किया जा रहा है।

### नगरपालिका ईओ से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

**चाकसू।** नगर भाजपा अध्यक्ष रामधन सेनी की अध्यक्षता में मंगलवार को एक शिष्टमंडल नगरपालिका ईओ से मिला और जन समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शिष्टमंडल सदस्यों ने नगरपालिका प्रशासन से चाकसू में व्याप्त समस्याओं पर चर्चा की। इनमे विभिन्न स्थानों पर खराब पड़ी रोडलाइट एवं हाई मास्ट लाइटों को चालू करवाने, मानसून पूर्व नालों की सफाई समेत अन्य प्रमुख समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष रामधन सैनी, पार्षद दिनेश शर्मा, सुरेश सैनी, परमजीत सिंह, रामबाबू गोडीवाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पेयजल किल्लत को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**झुंझुनूं।** सिंघाना नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्डों में पानी के लिए त्राही-त्राही मची हुई है। सिंघाना कस्बे के वार्ड 8 व 9 में नई पाइपलाइन डालने के चलते नल कनेक्शन काटे गए थे। 2 महीने गुजरने के बाद भी उनको दोबारा नहीं जोड़ा गया है। पानी की समस्या को लेकर वार्ड के ग्रामीणों ने वार्ड पार्षद हेमंत शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही चेतावनी दी कि तीन दिन में अगर पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो जलदाय विभाग का घेराव कर धरना दिया जाएगा।

**इस बार पौधों की कीमत में भी इजाफा, आमजन के लिए एक पौधे की कीमत 6 रुपए से होगी शुरू**

# नर्सरी में तैयार हो रहे 2.68 लाख पौधे, दिल्ली तक है डिमांड

**बेधड़क** | अलवर



लोग अपने घरों को सजाने के लिए अलग-अलग पौधों का इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए लोग मानसून आने से पहले अपने घरों पर पौधे लगाते हैं। इसी के चलते वन विभाग की नर्सरी में भी अब पौधों को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो गई है।

शहर के मुंगसका का स्थित सरकारी नर्सरी में करीब 2.68 लाख विभिन्न तरह के पौधे तैयार किया जा रहे हैं। इस नर्सरी में तैयार होने वाले पौधों की खास बात यह है कि इन पौधों की डिमांड दिल्ली के बायोलॉजी पार्क तक भी होती है। तेज गर्मी में नर्सरी में तैयार हो रहे पौधों को सही सलामत रखना भी एक बड़ी चुनौती होगी। शहर के मूंगसका स्थित सरकारी नर्सरी के वनपाल भीम सिंह ने बताया कि इस बार सरकार की ओर से नर्सरी को 2 लाख 68 हजार पौधे वितरण करने के लक्ष्य दिया गया है, जिन्हें तैयार किया जा रहा है। इन पौधों में फलदार पौधे आम, अमरूद, नींबू, जामुन, करूंज, अंजीर के पौधे तैयार हो रहे हैं। वहीं अन्य पौधों की बात की जाए तो खेजड़ी, पैक, सिरस, बरगद, पीपल, करंज, ऋतुराज, नीम, बेलपत्र, हार सिंगार, कचनार, शीशम सहित अन्य पौधे तैयार किया जा रहे हैं।

भीम सिंह ने बताया कि सरकार की पॉलिसी के अनुसार सरकारी नर्सरी में पहले 2 रुपए से लेकर 70 रुपए तक पौधे की कीमत रखी गई थी, लेकिन इस साल सरकार की ओर से पौधे कीमत में बढ़ोतरी की गई है। अब लोगों के लिए एक पौधे की कीमत 6 रुपए से शुरू होगी।

### बाहर जाते हैं दस हजार पौधे

वनपाल भीम सिंह ने बताया कि अलवर की नर्सरी में तैयार हुए पौधे पिछले कई सालों से दिल्ली में भी जाते हैं। भीम सिंह ने बताया कि करीब 5 से 10 हजार पौधे हर साल ट्रक में भरकर दिल्ली भेजे जाते हैं। इन पौधों में धोख, खेजड़ी, करंज, सेमल, बेर सहित अन्य पौधों की डिमांड की जाती है। अलवर से जाने वाले पौधों को दिल्ली के बायोडायवर्सिटी पार्क में लगाया जाता है। भीम सिंह ने बताया कि लोगों की डिमांड ज्यादातर फूल वाले पौधों की रहती है। हालांकि सरकार की तरफ से फूलों के पौधे लगाने का कोई आदेश नहीं दिया जाता। लोग अपने घरों को सजाने के लिए फूलों की पौधों की ज्यादा डिमांड करते हैं।

### बीज कलेक्ट करके बोते हैं

भीम सिंह ने बताया कि नर्सरी में जितने भी पौध तैयार की जाती है, वह सभी बीज कलेक्ट कर तैयार किए जाते हैं। उनका कहना है कि कलेक्ट किए हुए बीजों की पौध का रिजल्ट 80 फीसदी तक सफल होता है। मार्केट से जो भी बीज मंगवाए जाते हैं, उनके 40 प्रतिशत पौधे ही सही सलामत रहते हैं। भीम सिंह ने कहा कि पौधों में ज्यादा पानी नहीं दिया जाता। पौधों का ड्रेनेज सिस्टम सही रखना चाहिए। जहां भी व्यक्ति पौधा लगता है उसे जगह की मिट्टी को दबा कर रखना चाहिए, जिससे कि हवा मिट्टी के अंदर ना बचे। इसके बाद पौधे में समय-समय पर पानी देना चाहिए। भीम सिंह ने बताया कि पौधे लगाने का सबसे अच्छा समय फरवरी माह माना जाता है। यदि कोई व्यक्ति मानसून के समय पौधा लगता है, तो उसे पौधे को पानी की आदत पड़ जाती है और वह ज्यादा समय तक सफल नहीं हो पाता।

**सिंचाई के पानी की मांग को लेकर बड़े आंदोलन की दी चेतावनी**

# पंजाब से गंगनहर में नहीं मिल रहा पूरा पानी, किसानों में रोष

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

सिंचाई की पानी की मांग को लेकर श्रीगंगानगर के किसानों में एक बार फिर से उबाल आ गया है। किसानों ने गंग नहर में सिंचाई पानी की मांग को लेकर जल्द बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। पिछले कई दिनों से गंग नहर में सिंचाई पानी में लगातार उतार चढ़ाव आ रहा है, जिससे किसान खासे प्रभावित हैं।

श्रीगंगानगर के गुरुद्वारा सिंह सभा में गंगनहर के किसानों की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक को गंगनहर प्रोजेक्ट के चेयरमैन हरविंदर सिंह गिल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पंजाब में इस समय धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। ऐसे में पंजाब की नहरों में क्षमता से 25 से 30 प्रतिशत अधिक पानी चलाया जा रहा है, लेकिन राजस्थान की नहर में निर्धारित हिस्से के मुताबिक पानी नहीं छोड़ा जा रहा। उन्होंने कहा कि गंग नहर में 2500 क्यूसेक पानी का शेयर निर्धारित है, जबकि इस समय 1080 क्यूसेक पानी ही छोड़ जा रहा है। इससे फसलों की बिजाई खासी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के किसानों की इस समय 20 प्रतिशत ही बिजाई हो पाई है। शेष 80 प्रतिशत तक खेत खाली पड़े हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्दी ही सरकार ने गंग नहर के हिस्से का पूरा पानी लाकर नहीं दिया तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



### नहर की आसीसी लाइनिंग जरूरी

गंगनहर प्रोजेक्ट के चेयरमैन हरविंदर सिंह गिल कहा कि फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण और गंग नहर के बाकी रहते हिस्से की आरसीसी लाइनिंग जरूरी है। इसे समय रहते पूरा किया जाना चाहिए ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसानों ने कहा कि जिस प्रकार का कार्य पंजाब की भगवंत मान सरकार ने किसानों के लिए किया है। वैसा ही कार्य श्रीगंगानगर में गंगनहर के किसानों के लिए होना चाहिए, ताकि किसानों को खेती-बाड़ी में राहत मिल सके।

### बिजली-पानी की कटौती को लेकर माकपा करेगी कलेक्ट्रेट का घेराव



**सीकर।** गर्मी में बिजली कटौती और पानी की किल्लत को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी 20 जून को सीकर कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी। सांसद अमराराम ने मंगलवार को प्रेसवार्ता करके इसकी जानकारी दी। सांसद ने कहा कि प्रदेश में गर्मी तो रिकॉर्ड तोड़ ही रही है। इसके साथ ही सरकार बिजली कटौती और पानी की कमी के मामले में भी रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। यहां के मुख्यमंत्री केवल बिजली की ग्रिड और पानी की होद के पास खड़े होकर केवल फोटो खिंचवाने में लगे हुए हैं। कलेक्टर बिजली- पानी को लेकर हर 7 दिन में मीटिंग करते हैं। इसके बाद सरकार को रिपोर्ट भेज देते हैं कि बिजली और पानी की व्यवस्था जिले में एकदम ठीक है। राजस्थान सौर ऊर्जा के उत्पादन के मामले में पहले नंबर पर है, लेकिन यहां बिजली सप्लाई करने की बजाय दूसरे राज्यों को दी जा रही है। इसको लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सीकर से इस आंदोलन की शुरुआत करने जा रही है। इसके तहत 20 जून को पहले सीकर में कलेक्ट्रेट का घेराव होगा और 21 जून को नीमकाथाना में प्रदर्शन करेगी। सांसद अमराराम ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मिली हार का बदला ले रही है। प्रदेश में पिछले एक साल से 8 हजार एग्रीकल्चर कनेक्शन पेंडिंग पड़े हैं। किसानों ने उनकी डिमांड राशि भी जमा करवा दी। अमराराम ने कहा कि सरकार ने हर घर जल जीवन मिशन के तहत पानी की पाइप तक पहुंचा दी लेकिन उनमें पानी नहीं आ रहा। उस पाइपलाइन को डालने के लिए सड़कों को भी खोद डाला।

**बेखौफ बजरी माफिया की कारगुजारी**

## अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस पर फायरिंग



**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में बजरी माफिया के हौसले बुलंद दिख रहे हैं। पुलिस की ओर से समय-समय पर कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित चंबल बजरी पर अंकुश लगाने में जिला पुलिस नाकाम साबित हो रहा है। बजरी माफियाओं के हौसले इस कदर बढ़ चुके हैं कि वे पुलिस पर भी हमला करने से नहीं चूकते। ताजा मामला मंगलवार सुबह का है।

डीएसटी के साथ कोतवाली पुलिस ने बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस कामयाब नहीं हो सकी। इस दौरान ओडेंला रोड पर दो राउंड फायरिंग भी हुई, जिससे स्थानीय लोग दहशत में आ गए। कोतवाली थाना प्रभारी प्रमेंद्र रावत ने बताया कि मंगलवार को बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों के निकलने की सूचना मिली थी। इस पर कोतवाली थाना पुलिस के साथ डीएसटी की टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉलियों का पीछा करना शुरू कर दिया। करीब 8 किलोमीटर पीछा करने के बाद ट्रैक्टर चालक सड़क पर बजरी फैलाते हुए चंबल के बीहड़ों में घुस गए। तगावली रोड तक बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉलियों को खदेड़ने के बाद पुलिस की टीम ने मोरोली मोड़ पर भी कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने बजरी से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा तथा आरोपी जितेंद्र (41) निवासी बरेला पूरा को गिरफ्तार कर लिया। घटना को लेकर ओंडेला रोड के एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि सुबह के पहर में जब उसने अपनी दुकान खोली तो बजरी लेकर निकल रहे ट्रैक्टर ट्रॉलियों का पुलिस की टीम पीछा कर रही थी। इस दौरान दो राउंड फायरिंग भी हुई, जिसमें वह बाल-बाल बचा। गोली दुकान के शटर में जाकर लगी।

**मौके पर पहुंची पुलिस बनी रही मूकदर्शक**

## 3 युवकों को खंभे से बांधकर पीटा

**बेधड़क** | धौलपुर

पुरानी दुश्मनी का बदला लेने गए तीन युवकों को ग्रामीणों की ओर से बोरवेल के पाइप एवं बिजली के खंबे से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। तीनों युवकों को पकड़ने गई पुलिस भी मौके पर तमाशबीन बन देखती रही।

ग्रामीणों के चंगुल से तीनों युवकों को मुक्त कराकर पुलिस ने कोर्ट में भी पेश कर दिया, लेकिन दोषी ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस ने अभी तक कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया है। घटना 12 जून की बताई जा रही है, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। मामला मनिया थाना क्षेत्र के गडाइच गांव का बताया जा रहा है। 12 जून को चार युवक कुछ युवकों से पुरानी दुश्मनी का बदला लेने गडाइच गांव गए हुए थे। चारों युवक गांव में चल रही भागवत कथा समारोह में अपने विरोधियों के पास पहुंच गए। वहीं दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान वहां सैकड़ों लोगों ने लामबंद होकर तीनों युवकों को पकड़ कर बोरवेल के पाइप एवं बिजली के खंबे में बांध दिया। चार में से एक युवक मौका मिलने पर गांव से भाग गया। तीनों युवकों की ग्रामीणों ने लात-घूसों एवं डंडों से जमकर पीटा और यातनाएं दी गईं। मामले की सूचना पाकर स्थानीय मनिया थाना पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। ग्रामीणों की भीड़ को देख पुलिस भी बैकफुट पर आ गई और मूकदर्शक बनी रही। ग्रामीणों ने तीनों युवकों से मारपीट करते रहे। काफी देर के बाद पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश कर तीनों युवकों को मुक्त कराया। इस दौरान गांव गडाइच निवासी सीताराम पुत्र हरि सिंह ने तीनों युवकों के खिलाफ मनिया पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया।



**निर्जला एकादशी पर जगह-जगह लगी स्टालें, शीतल पेय वितरित**

## मंदिरों से बाजारों तक चला दान-पुण्य का दौर

**बेधड़क** | चाकसू

निर्जला एकादशी पर मंगलवार को भी मंदिरों में भक्तों की कतार देखने को मिली। श्रीराम मंदिर, त्रिलोकीनाथ मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, राधावल्लभ मंदिर सहित नीलकंठ हनुमान महादेव मंदिर सहित अन्य देवालयों में सुबह से ही एकादशी के पर्व पर ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक किया गया।

वहीं नवीन पोशाक धारण करवा कर आकर्षक झांकी सजाई गई। इस अवसर पर महिलाओं ने जल से भरी मटकी, हाथ पंखी, आम, खरबूजा, तरबूज एवं ऋतुफल ठाकुरजी को अर्पित करते हुए परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं निर्जल रहकर व्रत रखा। राम मंदिर के पुजारी पंडित रामबाबू शर्मा ने बताया कि अधिकांश भक्तों ने निर्जला एकादशी मंगलवार को ही मानी है। कस्बे में अनेक स्थानों पर भक्तों ने शीतल पेय, शर्बत, नींबू पानी मिल्क रोज की स्टालें लगाई। खाटू बस सेवा परिवार छान्देल कलां के तत्वावधान में श्याम भक्तों द्वारा भंडारा आयोजित हुआ। आयोजक अशोक प्रजापत ने बताया कि भंडारे में नींबू सिकंजी, शरबत वितरण किया गया। इस मौके पर अध्यापक कैलाश चंद शर्मा, डॉ. तेजसिंह सिसोदिया, शुभम तिवाड़ी, हेमराज गुर्जर, गणेश प्रजापत, डॉ. दिनेश शर्मा सहित अन्य श्याम प्रेमी मौजूद रहे। वहीं गरुड़वासी रोड पर श्रीकामधेनु गौशाला में सेवा करने के लिए भक्तों का रूझान नजर आया। भामाशाह नाथूलाल खंडेलवाल ने गौशाला पहुंच कर गौमाता को हरा चारा खिलाते हुए पूजा अर्चना की एवं चारे-पानी के लिए 1 लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया। गौशाला प्रबंधकों ने माला एवं दुपट्टा पहना का उनका स्वागत किया। पार्षद विनोद राजोरिया परिवार ने गौशाला में 2100 रुपए का सहयोग दिया। झिलाई निवासी घनश्याम गुर्जर ने 30 क्विंटल चारा भेंट किया।



**नगर निगम आईटी टीम ने की जांच**

# अन्नपूर्णा रसोई में फर्जीवाड़ा पकड़ा, 8 लाख का जुर्माना

**बेधड़क** | जोधपुर

नगर निगम उत्तर क्षेत्र में संचालित अन्नपूर्णा रसोई केंद्रों पर कूपन काटने में फर्जीवाड़ा सामने आया है। संचालकों ने कमाई के करने के लिए भोजन के कूपन काटने की प्रक्रिया का उल्लंघन किया, जो नगर निगम की आईटी टीम की जांच में सामने आने पर जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की गई है।

अनियमितता पाए जाने पर पांच रसोई संचालकों से 8 लाख रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई है। जोधपुर नगर निगम के आयुक्त अतुल प्रकाश ने बताया कि नगर निगम उत्तर की ओर से 20 अन्नपूर्णा रसोई संचालित हो रही है। अन्नपूर्णा रसोई में भोजन की क्वालिटी और कूपन काटने की प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर नगर निगम उत्तर लगातार जांच करवाता है। इस संबंध में आईटी टीम की ओर से सभी अन्नपूर्णा रसोई में कूपन काटने की प्रक्रिया की आकस्मिक जांच की गई। आयुक्त ने सभी अन्नपूर्णा रसोई संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि कूपन काटने की प्रक्रिया एवं भोजन की क्वालिटी में किसी भी प्रकार की अनियमितता न बरते। ऐसा पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




### नियमित जांच के दौरान मिली गड़बड़ी

निगम की टीम रसोइयों में काटने वाले कूपन की जांच करती है, जिसमें सामने आया कि कई लोगों के एक साथ दो-दो कूपन काटे गए। इसके अलावा कम रोशनी में कूपन काटे गए, जिससे चेहरे नजर नहीं आएं। जांच के दौरान 5 अन्नपूर्णा रसोई पर इस तरह से कूपन काटने की प्रक्रिया में अनियमितता पाई गई। आयुक्त अतुल प्रकाश से बताया कि कृषि मंडी अन्नपूर्णा रसोई पर 1,16,000 रुपए, हज हाउस अन्नपूर्णा रसोई पर 2,88,000 रुपए, सिवांची गेट अन्नपूर्णा रसोई पर 2 लाख रुपए, सूरसागर चौराहा अन्नपूर्णा रसोई और राजीव गांधी कॉलोनी अन्नपूर्णा रसोई पर 1-1 लाख रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई है।

### अब एक ही कूपन का आदेश

राज्य सरकार ने 2 दिन पहले ही अन्नपूर्णा रसोई पर एक व्यक्ति के नाम से एक समय पर एक ही कूपन काटने का आदेश जारी कर दिया है। सरकार ने इसके लिए भोजन की मात्रा में 150 ग्राम के बढ़ोतरी भी की है, जिससे कि व्यक्ति को दूसरे कूपन की आवश्यकता नहीं पड़े। इस तरह के फर्जीवाड़े रोके जा सकें। फिलहाल, इन रसोई पर भोजन करने वाले को 8 रुपए का भुगतान करना होता है, जबकि सरकार 22 रुपये प्रति थाली संचालक को सब्सिडी के रूप में देती है।

## महिला आरक्षण को 50% करने का विरोध

**बेधड़क** | धौलपुर



बेरोजगार युवक समिति ने राजस्थान सरकार द्वारा महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के विरोध में अर्द्धनग्न होकर गांधी पार्क में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि महिला आरक्षण में बढ़ोतरी से बेरोजगार युवकों के भविष्य पर खतरा बढ़ जाएगा।

मंगलवार को बेरोजगार युवक समिति ने राजस्थान सरकार द्वारा महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के विरोध में शहर के गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी युवाओं ने विरोध रैली निकालकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इससे महिला आरक्षण को यथावत रखने की मांग की गई है। बेरोजगार युवक समिति के सदस्य राम दिनेश गुर्जर ने बताया कि सरकार ने महिलाओं का आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। इसके कारण युवाओं में रोष पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा सरकार पहले से ही सरकारी नौकरियों में भर्तियां कम निकाल रही है, उसके बावजूद महिला आरक्षण में बढ़ोतरी कर दी है। बेरोजगार युवाओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने भी आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया था, जिसे हाईकोर्ट ने असंवैधानिक माना है।

## केंद्र सरकार ने बढ़ाई सरकारी इंजीनियरिंग संस्थानों में 110 सीटें, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बढ़ाई 80 सीटें

# अब प्रदेश के सेंट्रल इंजीनियरिंग संस्थानों में हुई 1818 सीटें

**बेधड़क** | कोटा




देश की आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी और जीएफटीआई में जोसा काउंसलिंग के जरिए प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार को चॉइस फिलिंग का समय पूरा हो गया है।

प्रदेश की तीन सेंट्रल गवर्नमेंट संस्थान आईआईटी जोधपुर, एमएनआईटी जयपुर और ट्रिपल आईटी कोटा में इसी जोसा काउंसलिंग के जरिए ही प्रवेश दिया जा रहा है। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा के अनुसार राजस्थान के तकनीकी संस्थानों में 110 सीटों की बढ़ोतरी हुई है। बीते साल यहां पर 1708 इंजीनियरिंग सीटें थीं, यह बढ़कर 1818 हो गई है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इनमें से 80 सीटें केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बढ़ी हैं। ऐसे में राजस्थान में एआई ब्रांच में 170 सीटें हो गईं हैं। इनमें ट्रिपल आईटी कोटा में नई ब्रांच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस है, जिसे 60 सीटों के साथ शुरुआत की गई है। जबकि आईआईटी जोधपुर में 50 सीटें अलग-अलग ब्रांचों में बढ़ी हैं। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस में 20 सीट बढ़कर 70 हो गई है, जबकि शेष तीन अलग ब्रांच में बढ़ाई गई है। सीटों का मेल-फीमेल के अनुसार देखा जाए तो बीते साल फीमेल सुपर न्यूमेरिक की 343 सीटें थीं, जिनमें 22 की बढ़ोतरी होते हुए 365 हुई। इसी तरह से जेंडर न्यूट्रल की 1365 सीटें थीं, जिनमें 88 की बढ़ोतरी हुई है।

### एमएनआईटी में नहीं हुई सीट बढ़ोतरी

राजधानी में स्थित एमएनआईटी जयपुर को इस सीट बढ़ोतरी से दूर रखा गया है। यहां एक भी ब्रांच में सीट की बढ़ोतरी नहीं हुई है। यहां पर 9 ब्रांच में 888 सीटें हैं। इनमें केमिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस, मैकेनिक, मेटलर्जिकल एंड मैटेरियल और आर्किटेक्चर शामिल है।

### IIT जोधपुर में बढ़ी 50 सीटें

आईआईटी जोधपुर में बीते साल 10 ब्रांच में 550 सीटों पर प्रवेश मिला था, जिनमें आठ कोर्स बीटेक और दो कोर्स बीएससी के हैं। इस बार 50 सीटों की बढ़ोतरी 4 कोर्सेस में हुई है। इनमें इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग में 10-10 सीटें बढ़ी हैं। जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस में 20 सीटों की बढ़ोतरी हुई है। अब आईआईटी जोधपुर में 600 सीटों पर जोसा काउंसलिंग से प्रवेश मिलेगा।

### 330 सीटें बढ़ी कोटा ट्रिपल आईआईटी में

ट्रिपल आईटी कोटा 10 साल से एमएनआईटी परिसर जयपुर में संचालित हुई। इसके बाद साल 2023 में ही कोटा नए भवन में शिफ्ट हुई है। इसके बाद ही यहां पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस पर नई ब्रांच खोलने का निर्णय लिया गया था। ऐसे में बीते साल जहां पर यहां 270 सीटें हुआ करती थीं, केवल कंप्यूटर साइंस और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में ही बीटेक करवाया जा रहा था। इसमें बढ़ोतरी होते हुए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस की 60 सीटें भी जुड़ गई हैं। ऐसे में अब 330 विद्यार्थियों को इस बार जोसा काउंसलिंग से प्रवेश मिलेगा।

## Yuva स्टोरीज

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बांटे जयपुर फुट



**बेधड़क** | जयपुर

छत्तीसगढ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा में जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस) ने तीन दिवसीय जयपुर फुट कृत्रिम अंग पुर्नवास शिविर में 447 दिव्यांगों को लाभान्वित किया। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता, अध्यक्ष सतीश मेहता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एस.बिस्सा की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर के प्रति विकलांगों में उत्साह देखा गया। शिविर का आयोजन (बी.एम.वी. एस.एस) ने जिला प्रशासन के सहयोग से किया। इस शिविर में जयपुर फुट के अलावा कृत्रिम हाथ, कैलीपर्स, व्हीलचेयर, ट्राई साईकिल, वॉकर, बैसाखी, छड़ी आदि का वितरण किया गया।

शिविर का स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने शिविर का निरीक्षण किया। डी.आर.मेहता ने बताया कि इससे पहले सुकमा में 688 और जगदलपुर में 682 विकलागों को लाभान्वित किया गया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जाकर ऐसे दिव्यागों के बीच पहुंचने का प्रयास कर रहे है। जिससे उनका पुर्नवास किया जा सके। नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में शिविर के आयोजन का सिलसिला महाराष्ट्र के गढ़चिरोली से शुरू किया गया था।

## सुबोध पी.जी. महिला कॉलेज छाई मेरिट में



**बेधड़क** | जयपुर

एस. एस. जैन सुबोध पी. जी. महिला महाविद्यालय की स्टूडेंट्स ने राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं में यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों में मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय की स्टूडेंट्स ने बीसीए प्रथम द्वितीय और तृतीय वर्ष में मेरिट प्राप्त की। प्रियंका राठौर दूसरे स्थान पर निविया चौधरी सातवें स्थान पर और प्रतिभा ढींगरा नोवें स्थान पर रही। वहीं सोनम गुप्ता ने एमएससी केमिस्ट्री में छठा स्थान प्राप्त किया तथा महाविद्यालय की स्टूडेंट गार्गी शर्मा ने एम. ए. पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में चौथा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित कराया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर रेनू जोशी ने मेरिट में आई स्टूडेंट्स को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें सतत् इसी प्रकार मेहनत करने के लिए कहा। महाविद्यालय की उप प्राचार्या डॉक्टर इंदु शर्मा ने मेरिट में आई छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## 10 आईटीआई के शेड्यूल डेवलपमेंट प्लान को मंजूरी

**बेधड़क** | जयपुर

कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के शासन सचिव पीसी किशन की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां झालाना स्थित कार्यालय में आयोजित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में 10 सरकारी आईटीआई के शेड्यूल डेवलपमेंट प्लान को मंजूरी दी गई। बैठक में प्रदेशभर से शामिल हुए आईटीआई प्राचार्यों ने अपने संस्थानों में जरूरत के अनुसार नए ट्रेड शुरू करने और पुराने ट्रेड में बदलाव के लिए प्रस्ताव रखे। बैठक में विस्तृत चर्चा कर 10 आईटीआई के शेड्यूल डेवलपमेंट प्लान को मंजूरी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न आईटीआई में इंस्टीट्यूशनल मैनेजमेंट कमेटी (आईएमसी) में नए अध्यक्ष एवं सदस्यों के मनोनयन को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

## एसएमएस स्टेडियम में होगा राज्य स्तरीय समारोह

# योगाभ्यास में दिख रहा साधकों का उत्साह

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी 21 जून को योग दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर है। जगह-जगह योग दिवस को लेकर योगाभ्यास किया जा रहा है। योग साधकों में उत्साह छाया है। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने मंगलवार को तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनन्द शर्मा ने बताया कि इस की तैयारियों के विषय में ग्राम पंचायत एवं तहसील मुख्यालयों के साथ ही जिला मुख्यालयों पर उपस्थित समस्त औषधालय, चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं अधीनस्थ स्टाफ द्वारा प्रतिदिन योग प्रशिक्षकों से योगाभ्यास करवाया जा रहा है। वहीं, विभिन्न विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में योगाभ्यास लाने के प्रयास किये जा रहे है। इस हेतु आवश्यक संसाधनों की तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक डॉ. सीतेश्वर भारद्वाज ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आमजन को योग से जोड़ने एवं उन्हें योगाभ्यास करवाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।



### सप्त शक्ति कमान में हुए विभिन्न योग कार्यक्रम

सप्त शक्ति कमांड की फॉर्मेशन और यूनिटों ने जयपुर और अन्य सैन्य स्टेशनों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारी के रूप में 17-18 जून को किया गया। योग कार्यक्रम सैनिकों और परिवारों के बीच शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक स्वास्थ्य और लचीलेपन को बढ़ावा देने में योग के महत्व को उजागर करने के लिए आयोजित किए गए थे, ताकि वे योग को जीवन शैली के रूप में अपना सकें। प्रत्येक फॉर्मेशन और यूनिटों ने समग्र स्वास्थ्य और योग के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए अनूठे सत्र आयोजित किए।

### सही तरीके से किए योग से शरीर रहता है स्वस्थ

इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के सहायक आचार्य व योग प्रशिक्षक डॉ पुनीत चतुर्वेदी ने कहा कि सही तरीके से किया गया योग शरीर को स्वस्थ रखने में बड़ी भूमिका निभाता है। उन्होंने अपने संस्थान की टीम के साथ पत्रकारों को योग के महत्व कि जानकारी दी और योगाभ्यास करवाया गया । केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक रामखिलाड़ी मीना ने कहा कि इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित किया जाएगा । पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक पवन सिंह फौजदार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि पत्रकारों के लिए योग का कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जा रहा है।

### अलग-अलग यूनिटों में किया योगाभ्यास



सूरतगढ़ मिलिट्री स्टेशन और यंग एंड द बेस्ट बटालियन के सभी रैंक और परिवारों ने सेना में "योग के माध्यम से माइंडफुलनेस" की झलकियाँ पेश कीं, जिसने हमेशा योग का अभ्यास करने और इसे फैलाने में नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। सर्वदा अग्रणी ब्रिगेड ने जयपुर के भव्य जंतर मंतर पर ऊर्जावान योग सत्र के माध्यम से आसन और प्राणायाम को जीवन शैली के रूप में दर्शाया। योग के माध्यम से माइंडफुलनेस के अभ्यास को अपनाते हुए ब्लैक चार्जर ब्रिगेड के परिवारों और लड़ाकों ने अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण के रूप में योग को अपनाया। गांडीव डिवीजन के सैनिकों और परिवारों ने भारतीय सेना के कर्मियों की दैनिक दिनचर्या में एकीकृत आसन और ध्यान प्रथाओं के माध्यम से कोटा मिलिट्री स्टेशन में योग सत्र आयोजित किए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले के कार्यक्रम सैनिकों की भलाई के लिए सप्त शक्ति कमान की प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं।

## आरयू का 33 वां दीक्षांत समारोह आज, संविधान पार्क का होगा लोकार्पण



**जयपुर**। राजस्थान यूनिवर्सिटी का 33 वां दीक्षांत समारोह बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में मनाया जाएगा। इसमें 2022 के यूजी और पीजी परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 126 छात्रों को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। जबकि उत्तीर्ण होने वाले 1 लाख 66 हजार 139 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएगी। दीक्षांत समारोह में 1 नवंबर 2022 से 29 फरवरी 2024 के बीच अवार्ड 467 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधियां भी प्रदान की जाएंगी।

खास बात यह है कि 126 स्वर्ण पदकों में से 102 स्वर्ण पदक छात्राओं को और 24 स्वर्ण पदक छात्रों को दिए जाएंगे। दीक्षांत समारोह से पहले विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में राज्यपाल यहां नव निर्मित संविधान पार्क का लोकार्पण भी करेंगे। यह संविधान पार्क 2.95 करोड़ की लागत से निर्मित हुआ है। इसमें स्टेच्यू की ऊंचाई करीब 75 फीट है तथा मूल अधिकार और मूल कर्तव्यों की जानकारी दी गई है। साथ ही राजेंद्र प्रसाद, महात्मा गांधी व जवाहरलाल नेहरू को उकेरा गया है। वहीं मानसून में इस पार्क में चारों तरफ पेड़ लगाए जाएंगे। जिससे परिसर हरा भरा एवं स्वच्छ नजर आएगा। संविधान पार्क से छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत होगी।

## कृषि पर्यवेक्षक व शिक्षक भर्ती का रिजल्ट जारी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से पेंडिंग रिजल्ट जारी किया जा रहा है। बोर्ड ने मंगलवार को कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती 2023, तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल-1 और लेवल-2 का रिजल्ट जारी किया है। बोर्ड ने तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल-1 और लेवल-2 के शेष रहे पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का फाइनल रिजल्ट जारी किया है, जबकि कृषि विभाग में 430 कृषि पर्यवेक्षक पदों की तुलना में दोगुना अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनका पात्रता जांच और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद फाइनल रिजल्ट जारी किया जाएगा। कृषि विभाग में कृषि पर्यवेक्षक के 430 पदों पर भर्ती के लिए इसी वर्ष 4 फरवरी को बोर्ड की ओर से भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इनमें टीएसपी क्षेत्र के 45 और नॉन टीएसपी क्षेत्र के 385 पद शामिल हैं। बोर्ड ने अब इस भर्ती परीक्षा का प्रोविजनल रिजल्ट जारी किया है।

कृषि पर्यवेक्षक के विज्ञापित पदों की तुलना में दोगुना अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनकी पात्रता जांच और दस्तावेज सत्यापन के बाद वरीयता के आधार पर श्रेणीवार फाइनल सलेक्शन किया जाएगा। इस भर्ती परीक्षा में जनरल के कट ऑफ मार्क्स 226.94, ईडब्ल्यूएस के 214, एससी के 205.40, एसटी के 208.88, ओबीसी के 222.73 और एमबीसी के 219.41 कट ऑफ मार्क्स रहे हैं। वहीं, बोर्ड ने कक्षा 1 से 5 तक पढ़ाने का सपना देख रहे युवाओं के पेंडिंग रिजल्ट कर खुशियां दी है।

**डिस्कशन** | बिंदी इंटरनेशनल एनजीओ के कार्यक्रम में आईएएस नवीन जैन ने कहा...

# वातावरण ऐसा हो कि अभिभावक से बात साझा करें बच्चे

**बेधड़क** | जयपुर




बिंदी इंटरनेशनल एनजीओ और विद्याआदिति फाउंडेशन की ओर से मासिक धर्म स्वच्छता, अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में जागरूकता और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ऑटिस्टिक बच्चों के माता-पिता, देखभाल करने वालों और अन्य लोगों को बुलाया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि आईएएस नवीन जैन मौजूद रहे। विशेष अतिथियों में बिंदी इंटरनेशनल की ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता पूजा देवी, बिंदी इंटरनेशनल की संचार प्रमुख स्वप्ना सरिता मोहंती, फोर्टी वीमेन विंग की अध्यक्ष डॉ. अल्का गौड और डॉ. कनिका चौधरी, सोनू तिवारी संस्थापक विद्या अदिति फाउंडेशन शामिल थे। पूजा देवी ने महिलाओं के स्वास्थ्य में मासिक धर्म स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला। पूजा देवी ने महिलाओं के स्वास्थ्य में मासिक धर्म स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला। नवीन जैन वर्तमान में अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श पर एक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

### बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रारंभिक शिक्षा और सतर्कता जरूरी

जैन ने अपने अनुभव साझा किए और अनुचित व्यवहार को पहचानने और जवाब देने के बारे में उपस्थित लोगों को शिक्षित किया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रारंभिक शिक्षा और सतर्कता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अनावश्यक फोन न दें, बच्चों के साथ माता-पिता ऐसा वातावरण रखें कि बच्चे अपनी बात साझा कर सकें। पूजा देवी ने महिलाओं के स्वास्थ्य में मासिक धर्म स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जहां संसाधन सीमित हो सकते हैं, मासिक धर्म स्वास्थ्य को प्रबंधित करने के लिए व्यावहारिक टिप्स और रणनीतियां साझा कीं। फोटो कार्ड के जरिए बच्चों और पेरेंट्स को जागरूक किया। माहवारी के समय साफ सफाई, खान - पान, पैड को कैसे नष्ट करें, इसकी जानकारी दी।

### सुलभ और सटीक स्वास्थ्य शिक्षा की है आवश्यकता

डॉ. अल्का गौड ने युवा लड़कियों और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को प्रबंधित करने के महत्व पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए सुलभ और सटीक स्वास्थ्य शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में इंटरैक्टिव सत्र, कार्यशालाएं और खुली चर्चाएँ शामिल थीं, जिससे सीखने और पारस्परिक सम्मान का वातावरण बना। प्रतिभागियों को शैक्षिक सामग्री और संसाधन प्रदान किए गए, ताकि वे अपने समुदायों में जागरूकता फैलाना जारी रख सकें। यह पहल स्वास्थ्य शिक्षा में सुधार और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित और अधिक जागरूक समुदाय सुनिश्चित हो सके।

# जिनका जन्म सिर्फ सरोद के लिए हुआ था




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय शास्त्रीय संगीत में उस्ताद अली अकबर खां की शिनाख़्त अद्वितीय सरोद वादक की है। मैहर घराने के इस शानदार संगीतज्ञ के वालिद उस्ताद अलाउद्दीन खां भी एक प्रसिद्ध सरोद वादक थे। भारतीय शास्त्रीय संगीत परंपरा के वे पितामह कहे जाते हैं। तारयुक्त वाद्य यंत्रों में महारत रखने वाले उस्ताद अली अकबर खां ने शास्त्रीय संगीत के लिए अद्भुत एवं अमर रचनाओं का सृजन किया। भारतीय संगीत परंपरा को नए मुक़ाम तक पहुंचाया। प्रसिद्ध वायलिन वादक येहुदी मेनुहिन ने उस्ताद अली अकबर खां की तारीफ़ करते हुए, उन्हें दुनिया का महान संगीतकार बतलाया था। तो उस्ताद अलाउद्दीन खां की उनके बारे में कैफ़ियत थी, ''अली अकबर खां का जन्म केवल सरोद के लिए हुआ है।'' उस्ताद अली अकबर खां की जादुई सरोद वादन के सम्मोहन में दुनिया भर के अनेक कलाकार सरोद की ओर आकर्षित हुए। उनके द्वारा बजाये राग देश मल्हार एवं नट भैरव की सीडी आज भी संगीत रसिकों के लिए अनमोल ख़ज़ाना हैं। उस्ताद अली अकबर खां ने कई रागों का सृजन किया। जिनमें कुछ ख़ास राग हैं- 'चन्द्रनन्दन', 'हिण्डोल-हेम', 'लाजवन्ती', 'भूप-माण्ड', 'भैरवी भटियार', 'गौरी मंजरी', 'मिश्र शिवरंजनी' और 'माधवी'। यह ऐसे राग हैं, जो मौजूदा दौर के किसी भी तन्त्रवादक के लिए बजाना आसान काम नहीं। उस्ताद अली अकबर खां, एक उच्च कोटि के सुर, साज़ और संगीत के शिखर सृजनकार थे। वे भारतीय शास्त्रीय संगीत के पुरोधा और देश के महानतम सरोद-वादक थे। उस्ताद अली अकबर खां ने अपने बेहतरीन सरोद वादन से सरोद को विश्वव्यापी मान्यता और लोकप्रियता दिलाने का काम किया।

14 अप्रैल, 1922 में अविभाजित भारत के शिबपुर, कोमिला (यह इलाक़ा अब बांग्लादेश में आता है।) में जन्मे अली अक़बर खां ने गायन तथा वादन की तालीम अपने वालिद के अलावा चाचा फ़क़ीर अफ़्ताबुद्दीन से ली। महज़ तीन साल के थे, तब से ही उनके वालिद बाबा अलाउद्दीन ने उन्हें संगीत की तालीम देनी शुरू कर दी थी। उनमें सुर, लय, ताल और मुरकियों की गहरी समझ पैदा की। लेकिन अली अक़बर खां को संगीत में कोई दिलचस्पी नहीं थी। रियाज़ की बनिस्बत उन्हें खेलना-कूदना ज़्यादा पसंद था। जब उनकी यह हरकत बाबा अलाउद्दीन खां को मालूम चली, तो वे बहुत नाराज़ हुए। अली अक़बर की बेंतों से ख़ूब पिटाई हुई। उसके बाद बाबा अलाउद्दीन खां ने उन पर नज़र रखना शुरू कर दी। चौदह से अठारह घंटे अपने पास बिठाकर, उन्हें शास्त्रीय गीत-संगीत की बारीकियां सिखाते और ख़ूब रियाज़ करवाते। यह वह दौर था, जब पंडित रविशंकर भी अलाउद्दीन खां के शार्गिद थे। बाबा के एक तरफ़ अली अकबर खां बैठते, तो दूसरी ओर रविशंकर। वे दोनों को सितार और सुरबहार बजाना सिखाते। एक साथ दोनों रियाज़ करते। सच बात तो यह है कि यहीं से उस्ताद अली अकबर खां और पंडित रविशंकर की जुगलबंदी का आग़ाज़ हुआ। आगे चलकर देश के अनेक प्रसिद्ध संगीत समारोह में दोनों ने सितार-सरोद की संगीतमय जुगलबंदी की।

19 जून
सरोद वादक
उस्ताद अली
अकबर खाँ
स्मृति दिवस



इन दोनों ने साल 1939 में इलाहाबाद में सबसे पहले जुगलबंदी की। उसके पहले कभी किसी संगीत कार्यक्रम में सितार-सरोद एक साथ नहीं बजे थे। श्रोताओं ने जब यह जुगलबंदी सुनी, तो वे मंत्रमुग्ध हो गए।

अली अकबर खां ने अलाउद्दीन खां साहब से ध्रुपद, धमार, ख्याल व तराना आदि की तालीम हासिल की। वहीं अपने चाचा फ़क़ीर अफ़्ताबुद्दीन से पखावज एवं तबला बजाना सीखा। नौ साल की उम्र से उन्होंने सरोद सीखना शुरू किया। इन गुणीजन गुरुओं की शिक्षा और रविशंकर, पन्नालाल घोष, अन्नपूर्णा देवी और निखिल बैनर्जी जैसे होनहार सहपाठियों की संगत में अली अकबर खां की शख़्सियत और उनके अंदर बैठा कलाकार ख़ूब निखरा। जब उनकी उम्र चौदह साल के आसपास थी, तब उन्होंने इलाहाबाद में एक संगीत समारोह में अपनी पहली संगीत प्रस्तुति दी।

बीस साल की उम्र आते-आते वे लखनऊ में अपनी पहली ग्रामोफ़ोन रिकार्डिंग करा चुके थे। उस्ताद अली अकबर खां ने लखनऊ आकाशवाणी में कुछ अरसे तक काम किया। साल 1941 से लेकर 1943 तक वे स्टाफ़ आटिस्ट रहे। इसके बाद वे कुछ साल राजस्थान के जोधपुर स्टेट में भी रहे। उन्होंने वहां गायन के अलावा नई-नई संगीत रचनाएं कीं। विद्यार्थियों को संगीत और वादन पढ़ाया-सिखाया। जोधपुर महाराजा हनवंत सिंह ने ही अली अकबर खां को 'उस्ताद' की उपाधि प्रदान की। साल 1947 में देश की आज़ादी के साथ ही रियासतें ख़त्म हो गईं। 1952 में एक विमान दुर्घटना में महाराजा हनवंत सिंह के निधन होने के बाद, उस्ताद अली अकबर खां मुंबई चले आए। उन्होंने शास्त्रीय संगीत समारोहों और रेडियो कार्यक्रमों में अपनी आमद—ओ—रफ़्त (आना जाना) बढ़ा दी। उस्ताद अली अकबर खां के वादन में मींड, स्वरों की नई-नई रचनाओं की उपज, लयकारी व तान मिलाने की रीति बिल्कुल मौलिक है। उन्होंने अपनी शैली में वीणा और सितार की वादन तकनीकों के साथ-साथ गायकी और तन्त्रकारी दोनों अंगों का अद्भुत मिलन किया है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## हिमाचल, हरियाणा और दिल्ली के बीच उलझा दिल्ली का जल संकट

# खींचतान के चक्र में फंसी दिल्ली प्यासी



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

"दिल्ली में जगह-जगह लोगों के लिए लगाये गये वाटर एटीएम की बात करें जिसके बारे में भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के बाबत बढ़ चढ़ कर दावे किए जा रहे थे। उनकी हकीकत यह है कि वे खराब पड़े हैं। कहीं तो वे ठीक से काम ही नहीं कर रहे हैं। कहीं उनकी हालत इतनी खस्ता है कि लगता है वे अब गिर पड़ेंगे। कहीं उन पर ताले लटके हैं। जहां तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की बात है, हाल फिलहाल नौ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी क्षमता से ज्यादा काम कर रहे हैं।"

दिल्ली का जल संकट भयावह रूप लेता जा रहा है। ऐसा लगता है कि यह दिल्ली, हिमाचल और हरियाणा के बीच उलझ कर रह गया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रक और न्यायमूर्ति प्रसन्नता बी वराले की अवकाश कालीन पीठ ने भीषण गर्मी से जूती राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की विकराल होती स्थिति के लिए दिल्ली और हिमाचल सरकार के कथित रवैया पर जमकर लाड़ लगाई। पीठ ने कहा कि हिमाचल सरकार का यह दावा कि पानी पहले ही बैराज में बह चुका है, कहां तक न्याय संगत है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार का टैंकर माफिया पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने पर कड़ी आपत्ति जताया और कहा कि उसकी वजह से ही यह विकराल स्थिति पैदा हुयी है। क्यों न इस मामले पर दिल्ली पुलिस को प्राथमिक दर्ज करने को कहा जाये। पीठ ने हिमाचल सरकार के अधिवक्ता से कहा कि आप पहले से ही पानी छोड़ रहे हैं तो गलत बयानी क्यों की जा रही है। हम देख रहे हैं कि लोग पानी की समस्या से पीड़ित हैं और पानी की चोरी व उसकी बर्बादी पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

असलियत में इसमें दो राय नहीं है कि भीषण गर्मी में दिल्ली पीने के पानी के संकट से जूझ रही है। वैसे तो मौसम की मार झेल रहे दिल्ली वासियों को हर साल भीषण गर्मी के दौरान पानी की भारी किल्लत से जूझना पड़ता है। रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून, पानी गये न ऊबरै मोती, मानुष चून। रहीम की कही यह पंक्ति आज दिल्ली वासियों पर बिल्कुल ठीक बैठ रही है। हकीकत में दिल्ली वाले बीते दिनों से पानी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि दिल्ली सरकार और दिल्ली के उप राज्यपाल के बीच जारी रस्साकशी का खामियाजा दिल्ली वालों को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी दिल्ली के जल संकट के लिए कभी दिल्ली के उप राज्यपाल को और कभी हरियाणा सरकार को दोषी ठहरा रही हैं, वहीं उपराज्यपाल जल संकट के लिए पानी की चोरी और बर्बादी को मुख्य कारण बता रहे हैं।



इस बाबत हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि हिमाचल दिल्ली सरकार के साथ किए गये समझौते के तहत दिल्ली को पानी देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम समझौते का पालन करते हुए किसी भी तरह की कटौती के बिना दिल्ली को पूरा पानी दे रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा सरकार द्वारा दिये गये शपथ पत्र के आंकड़ों से दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के कथन की सत्यता प्रमाणित होती है कि दिल्ली को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा है। वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना यह दावा कर रहे हैं हरियाणा दिल्ली को पूरा पानी दे रहा है। उनका यह भी दावा है कि दिल्ली सरकार मुनक नहर की मरम्मत नहीं करा रही है और वह टैंकरों के जरिये पानी की चोरी करवा रही है। अब सवाल यह उठता है कि जब हरियाणा द्वारा दिल्ली को पूरा पानी दिया जा रहा है तो दिल्ली पानी की किल्लत क्यों झेल रही है। दिल्ली वाले पानी के लिए क्यों तरस रहे हैं, मारामारी करने पर क्यों उतारू हैं। असलियत में यह मसला दो दलों भाजपा और आप के राजनैतिक अस्तित्व की लड़ाई में उलझा हुआ है जिसमें दिल्ली की जनता पिसने को मजबूर है। यह सिलसिला दिल्ली में आप की सरकार के अस्तित्व में आने के साथ से ही लगातार जारी है। बीते बरस इसके जीते-जागते सबूत हैं। इसी के चलते दिल्ली के विकास कार्य भी लटके पड़े हैं। हां इतना जरूर है कि इस सबके लिए वह चाहे निगम का मसला हो, मोहल्ला क्लीनिक का मसला हो, स्कूलों का हो या फिर जनहित के कार्यों या फिर बजट या अधिकारों का हो, केन्द्र की भाजपा सरकार, दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली की आप सरकार एक दूसरे पर बीते दशक से ठीकरा फोड़ती रही है। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि दिल्ली सरकार और राज निवास किसी भी मसले पर बीते इन बरसों में एकमत नहीं रहे हैं और आप राजनिवास पर भाजपा के इशारे पर काम करने और दिल्ली सरकार के काम में जबरन अड़ंगा डालने का आरोप लगाती रही है। आप का कहना है कि उपराज्यपाल को दिल्ली वालों के प्रति जबावदेह होना चाहिये न कि भाजपा के लिए।असली समस्या देश की राजधानी दिल्ली में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की विरोधी पार्टी आप की सरकार का होना है।

मौजूदा समस्या दिल्ली में जल संकट की है। हकीकत यह है कि दिल्ली को हरियाणा से कुल1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। एक मई से 22 मई तक हरियाणा मुनक नहर के कैरियर लाइन नहर यानी सीएलसी में 719 कयूसेक और दिल्ली सब ब्रांच यानी डीएसबी नहर में 350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। मतदान के दो से तीन दिन पहले इसे 91क्यूसेक तक कम कर दिया गया। बीते चार दिनों से केवल 985 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हिमाचल अतिरिक्त पानी भी छोड़ने को तैयार है लेकिन इसके लिए हरियाणा सरकार तैयार नहीं है और वह इसका पुरजोर विरोध कर रही है। जहां तक मुनक नहर की मरम्मत और रखरखाव का सवाल है, इसका ठीकरा दिल्ली सरकार पर फोड़ना नितांत गलत है जबकि नहर की मरम्मत और उसके रखरखाव का जिम्मा हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग का है। हकीकत में मुनक नहर से पानी बवाना लाया जाता है। बवाना से पहले यदि पानी की चोरी होती है तो इसके लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार है, दिल्ली सरकार पर आरोप लगाना पूरी तरह गलत है। लेकिन दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा बार-बार दिल्ली सरकार के मंत्रियों के दावे को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए कहते हैं कि दिल्ली सरकार के संरक्षण में पानी की चोरी अब भी जारी है जिसकी वजह से दिल्ली की जनता पानी का संकट झेल रही है। सचदेवा की मानें तो मुनक नहर से काकोरी आते-आते 20 फीसदी पानी की चोरी हो रही है। इसके तो उन्होंने सबूत भी दिए हैं। इस बाबत जब उप राज्यपाल से दिल्ली की जल मंत्री और शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भेंट की, उस दौरान अपर यमुना रिवर बोर्ड के अधिकारियों ने खुलासा किया कि हरियाणा से तय सीमा से ज्यादा पानी छोड़ा जा रहा है लेकिन बवाना आते आते वह 20 फीसदी तक कम हो रहा है। वह पानी टैंकरों से चोरी कर लिया जाता है। सचदेवा के बयान पर दिल्ली की मंत्री आतिशी कहती हैं कि यदि पानी की चोरी टैंकरों के जरिये हो रही है तो पुलिस तो उनकी है। वह क्यों नहीं कार्रवाई करते और क्यों नहीं टैंकर माफिया को गिरफतार करवाते हैं। इस सबके बाद भी राजनिवास द्वारा दिल्ली की जल मंत्री आतिशी पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया जा रहा है और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा दिल्ली सरकार पर पैसा कमाने के लिए पानी की चोरी करवाने का आरोप लगा रहे हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ये कैसी परीक्षा !



मुकेश राठौर
व्यंग्यकार

महाभारत काल में आचार्य द्रोण तो कभी यक्ष द्वारा पांडवों की परीक्षा के किस्से हम सभी ने सुन रखे हैं|सदा से ही परीक्षक को परमात्मा और परीक्षा को पवित्र माना गया है|इस ओर देश की शीर्ष अदालत ने भी इशारा किया है| एक समय था जब परीक्षा शब्द सुनते ही तन बदन में डर सा भर जाता था|आचार्य रामचंद्र शुक्ल का परीक्षा पर लिखा निबंध पढ़कर यह डर और घर कर जाता|क्या करें 'पर' इच्छा वाला यह परीक्षा शब्द है ही ऐसा| "सवाल दूसरे की इच्छा का हो तो डरना लाजिमी है| "हालांकि परीक्षा का डर तो आज भी जस का तस है लेकिन इस डर के आगे और पीछे के डर ने परीक्षार्थियों को खासा डरा रखा है|आप पूछेंगे कि परीक्षा से पहले और परीक्षा के बाद कैसा डर?

दरअसल परीक्षा की घोषणा,परीक्षा की आयोजना से लेकर परीक्षा के सफल परिणाम आने तक में लाखों रोड़े आड़े आते हैं|अव्वल चिंता तो यह कि समय से परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा हो जाए और तदनुसार परीक्षाएं संपन्न हो जाए तो समझो गंगा घोड़े नहाएं !लेकिन यह सब कहने-सुनने की बातें हैं|हमारे यहां नर्सरी से लेकर नीट तक परीक्षाओं का दो-चार बार कार्यक्रम न बदला तो क्या बात हुई !कई बार किसी पर्चे के दिन किसी बड़े वोट बैंक वाले समाज के महापुरुष की जयंती आ गई तो पर्चा कैंसल...तो कभी धुलेंडी को बचाते-बचाते पर्चे के दिन रंग पंचमी पड़ गई तो पर्चा कैंसल...तो कभी अटक में पर्चा लीक हुआ तो कटक में पर्चा कैंसल|माने खा जाए दाढ़ी वाले और कुटाए बेचारे मूंछ वाले|

दूसरी चिंता परीक्षा का होना|माने बुलव्वे के बाद भोजन |कई बार परीक्षाओं में प्रश्न पत्रों के लिफाफे खोलते समय बाहर से कुछ और अंदर से कुछ और नजर आता है|जब-जब भी ऐसा होता है परीक्षक और पर्यवेक्षकों की नजरें एक-दूसरे को देखती रह जाती है|परीक्षार्थियों की नजर मत पूछो|कई बार यह होता है कि किसी प्रश्न के दो-दो उत्तर तो कभी किसी प्रश्न में ही उत्तर देख परीक्षार्थी निरुत्तर हो जाते हैं|कभी ब्याह में मनौती की गीत गंवाने की मांग होती है|... तो कभी अच्छा भला दिला-दिलाया पर्चा निरस्त होकर बेचारे परीक्षार्थियों को नई घोड़ी नया मैदान लाकर छोड़ दिया जाता है|

तीसरी चिंता परीक्षा परिणाम की होती है|देखा जाए तो यही महती चिंता बन गई है |नाव मिलने, नाव पर सवार होने के बाद सकुशल पार उतर जाने टाइप|एक समय था जब बोर्ड और बड़ी परीक्षाओं के परिणाम लाख कोशिशों के बावजूद पचास फीसदी पर आकर ठिठक जाते थें|पहले उत्तीर्ण होते-होते रह गए मूल्यांकन के मारो को कृपांक दिए जाते थे आज यहां वहां,जहां-तहां मत पूछ कहां-कहां कृपांक दिए जा रहे हैं|इन दिनों परीक्षा परिणाम है कि बुलेट की रफ्तार से अंधाधुंध चले आ रहे हैं|कई बार तो पढ़ने-लिखने वाले बच्चों को कुचल डालते हैं| "सुना था जिंदगी इम्तेहान लेती है,यहां तो इम्तेहानों ने जिंदगी ले लीं| "कभी लाखों-हजारों में कोई एक परीक्षार्थी पहली पायदान पकड़ पाता था|आज देखो तो टीवी चैनलों की तरह हर बच्चा अपने को नंबर वन बता रहा है|बताइए न जब सभी गांव बीच रहने लगें तो गांव बाहर कौन रहेगा भला!! लब्बोलुआब ये कि आज परीक्षा कार्यक्रम पेंसिल से बनाए जाने लगे हैं|बच्चे डिग्री पाठ्यक्रमों में अंतिम वर्ष में पढ़ते हुए प्रथम वर्ष की परीक्षा देते हैं|परीक्षा परिणाम या तो प्री मेच्योर बेबी की तरह समय से पहले आ जाते हैं या कब्जियत के शिकार हो जाते हैं|

हे प्रभु ये कैसी परीक्षा ले रहे हो!!

## नॉलेज कॉर्नर: स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 में है शादी के लिए विशेष प्रावधान

# बिना धर्म बदले ऐसे भी होती है शादी

आजकल दो धर्मों के लोगों का शादी करने का ट्रेंड बन रहा है। आए दिन इस तरह की शादियां देखी जा सकती है। अभी खबर आई है कि बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने ब्वॉयफ्रेंड अजहर इकबाल से शादी करने जा रही हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर इस शादी से जुड़े कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर शादी मुस्लिम मैरिज एक्ट के तहत हुई तो फिर सोनाक्षी को इसके लिए क्या-क्या करना होगा? क्या उन्हें अपना धर्म बदलना होगा? आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से इस बारे में जानते हैं।

### धर्म बदल कर ऐसे होता है निकाह

मुस्लिम मैरिज एक्ट के मुताबिक, अगर कोई हिंदू लड़की मुस्लिम लड़के से शादी यानी निकाह करना चाहती है तो उसे सबसे पहले अपना धर्म बदलना पड़ता है। दरअसल, इस्लामी कानून के तहत एक मुसलमान ऐसी किसी भी लड़की से शादी नहीं कर सकता, जो मूर्तिपूजक हो। यही वजह है कि शादी से पहले लड़की को अपना धर्म बदल कर इस्लाम कुबूल करना होता है। हाल ही में एक खबर आई थी, जब 'ससुराल सिमर का' सीरियल फेम दीपिका कक्कड़ ने एक मुस्लिम एक्टर सुहैल से शादी करने के लिए अपना धर्म बदल लिया था। धर्म बदलने के बाद उन्हें नया नाम फैजा मिला था।



### स्पेशल मैरिज एक्ट में करेंगे शादी तो कोई जरूरत

अगर सोनाक्षी शादी करने के लिए अपना धर्म नहीं बदलना चाहती हैं तो वह स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी कर सकती हैं। इस एक्ट के तहत दो अलग-अलग धर्मों के लोग बिना अपना धर्म बदले आसानी से शादी कर सकते हैं। साल 1954 में बना यह कानून देश के हर व्यक्ति पर लागू होता है, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति से ताल्लुक रखता हो। स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी करने के लिए लड़की की उम्र 18 साल और लड़के की उम्र 21 साल होनी चाहिए।

### स्पेशल मैरिज एक्ट में ऐसे होगी शादी

*स्पेशल मैरिज एक्ट में शादी के लिए कुछ फॉर्मेलिटी करनी होती है। इसमें इस एक्ट के तहत शादी करने के लिए कपल को शादी से 30 दिन मैरिज रजिस्ट्रेशन ऑफिस में आवेदन देना होगा। इस शादी के लिए लड़का-लड़की को अपना एड्रेस प्रूफ देना जरूरी होता है।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री
@narendramodi

ड्रोन दीदी की तरह अब कृषि सखी के रूप में देशभर की बहनों की नई भूमिका से उन्हें सम्मान और आय के नए अवसर सुनिश्चित होंगे। मेरा सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का फूड प्रोडक्ट भी होना चाहिए। देशवासियों का विश्वास मेरी सबसे बड़ी पूंजी है, जो मुझे उनके संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है।

## लोकसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में नया ट्विस्ट, सियासत हुई तेज

# भाजपा सांसद अनंत महाराज से मिलने उनके घर पहुंचीं ममता बनर्जी

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कूचिबहार की अपनी यात्रा के दौरान भाजपा के राज्यसभा सांसद नागेंद्र रॉय जिसे मुलाकात की। नागेंद्र रॉय को अनंत महाराज नाम से जाना जाता है। ममता अनंत महाराज से मिलने उनके घर पहुंचीं। इस मुलाकात लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद हुई है।

ममता और भाजपा सांसद की इस मुलाकात ने सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। मीडिया



रिपोर्ट के मुताबिक, ममता बनर्जी और भाजपा नेता के बीच करीब 35 मिनट तक बातचीत हुई। हालांकि, दोनों नेताओं ने मुलाकात को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन इसे राज्य की राजनीति में नया ट्विस्ट बताया जा रहा है।

सीएम ममता से मुलाकात के बाद रॉय ने पत्रकारों से कहा कि देखते हैं भविष्य में क्या होता है। वहीं, भाजपा ने अभी तक इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### इसलिए अहम है ममता की अनंत महाराज से मुलाकात

अनंत महाराज बंगाल की राजनीति का बड़ा चेहरा हैं। जहां भाजपा पिछले कुछ सालों में खुद को मजबूत करने में जुटी है। भाजपा ने पिछले साल अनंत को राज्यसभा भेजा था। वह बंगाल से भाजपा के टिकट पर राज्यसभा पहुंचने वाले पहले नेता हैं। ऐसे में ममता बनर्जी का कूचबिहार दौरा इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि लोकसभा चुनाव में अनंत महाराज ने बागी तेवर अपना लिए थे। भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री निसथ प्रमाणिक को कूचबिहार से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया था। अनंत महाराज ने कहा था कि पार्टी ने प्रत्याशी की घोषणा से पूर्व उनसे कोई चर्चा नहीं की। प्रमाणिक के खिलाफ टीएमसी के जगदीश चंद्र को मैदान में उतारा। टीएमसी ने निसिथ प्रमाणिक को करीब 40,000 हजार मतों से हराकर भाजपा से यह सीट छीन ली। जीत का अंतर ज्यादा नहीं था, लेकिन भाजपा को बड़ा झटका लगा। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का अनंत महाराज के घर जाना राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी अहम माना जा रहा है।

**राजबंशी समुदाय से आते हैं अनंत महाराज :** अनंत महाराज राजबंशी समुदाय के नेता हैं और उत्तर बंगाल की राजनीत में उनकी अच्छी खासी पैठ है। वह ग्रेटर कूचबिहार पीपुल्स एसोसिएशन के प्रमुख हैं। यह संगठन अलग राज्य ग्रेटर कूचबिहार की मांग कर रहा है।

### मदन मोहन मंदिर में की पूजा-अर्चना

अनंत महाराज से मिलने उनके आवास पर जाने से पहले ममता ने जिला मुख्यालय में स्थित मदन मोहन मंदिर में पूजा-अर्चना की। ममता सोमवार की शाम कूच बिहार पहुंची थी। इससे पहले वह सिलीगुड़ी स्थित उत्तर बंगाल चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल गई थी, जहां उन्होंने कंचनजंघा एक्सप्रेस हादसे के पीड़ितों के साथ मुलाकात की। ज्ञात रहे कि हाल के लोकसभा चुनाव में बंगाल में टीएमसी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 42 लोकसभा सीटों में से 29 सीटें जीती हैं। जबकि भाजपा के खाते में 12 सीटें गई हैं।

### किरण चौधरी का कांग्रेस से इस्तीफा BJP में शामिल होंगी



**चंडीगढ़।** हरियाणा के तोशाम से विधायक और कांग्रेस पार्टी की नेता किरण चौधरी भाजपा में शामिल होंगी। किरण और उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को ईमेल से भेजा है। सूत्रों के अनुसार वह बुधवार को भाजपा में शामिल होंगी। किरण चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की बहू हैं। ज्ञात रहे कि किरण चौधरी अपनी बेटी श्रुति चौधरी को हाल में हुए लोकसभा चुनाव में भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से कांग्रेस से टिकट नहीं दिए जाने से नाराज बताई जाती हैं। कांग्रेस ने उनकी जगह कांग्रेस विधायक राव दान सिंह को टिकट दिया था। हालांकि उनकी हार हुई।

### केरल: NCERT की पुस्तकों में बदलाव की आलोचना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा स्कूली पाठ्यपुस्तकों में हाल ही में किए गए संशोधनों की आलोचना की। उन्होंने मंगलवार को कहा कि पाठ्यपुस्तकों में संकीर्ण वैचारिक स्थिति या किसी आंदोलन का प्रचार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि NCERT द्वारा बाबरी मस्जिद विध्वंस और अयोध्या सहित विभिन्न भागों में किए गए परिवर्तनों को वह स्वीकार नहीं करते है। उन्होंने कहा कि बच्चों को वास्तविक इतिहास और विज्ञान पढ़ाया जाना चाहिए। केरल ने हमेशा इस रुख को बरकरार रखा है और लागू किया है। मंत्री वी शिवनकुट्टी ने अतीत में NCERT द्वारा अपनी कुछ पाठ्यपुस्तकों में किए गए पहले के विवादास्पद परिवर्तनों को याद करते हुए कहा कि कैसे राज्य सरकार ने इसके छोड़े गए हिस्सों को शामिल करते हुए समानांतर पाठ्यपुस्तकें निकाली थीं।

## कई राज्यपालों का कार्यकाल दो -तीन माह में हो रहा है समाप्त

# चुनावों से दूर रहे भाजपा के कई नेता राज्यपाल बनने की कतार में


एजेंसी | नई दिल्ली

देश में 11 राज्यों के राज्यपालों का 5 साल का कार्यकाल जल्दी पूरा होने जा रहा है। यहां नए राज्यपालों की नियुक्ति की जाएगी। सूत्रों के अनुसार भाजपा ने इस बार अपने कई वरिष्ठ नेताओं को लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ाया था। ऐसे में अब यह कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा अपने इन नेताओं को राज्यपाल बना सकती है। इसमें पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल

वीके सिंह, अश्विनी चौबे और डॉ. हर्षवर्धन का नाम शामिल है। जबकि कैबिनेट मंत्री रहे महेंद्र नाथ पांडेय, आर के सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री मेनका गांधी को हाल में हुए लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। सूत्रों के मुताबिक, ये सभी नेता राज्यपाल बनने की दौड़ में शामिल हैं।

जनरल वीके सिंह (रिटायर्ड), डॉ. हर्षवर्धन और अश्विनी चौबे पिछली लोकसभा में बतौर भाजपा सांसद मौजूद थे। ये तीनों मोदी कैबिनेट में भी शामिल रहे थे। इस बार तीनों संसद से दूर हैं और इन्हें सरकार में भी शामिल नहीं किया गया है। वीके सिंह की बात करें, तो वह गाजियाबाद से 2014 और 2019 के चुनाव में







सांसद चुने जा चुके हैं. जबकि डॉ. हर्षवर्धन चांदनी चौक से सांसद रहे हैं। वहीं, अश्विनी चौबे बक्सर से लगातार दो बार सांसद चुने गए थे। अश्विनी चौबे मोदी सरकार में कंज्यूमर अफेयर्स, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री का प्रभार संभाल चुके हैं। वीके सिंह ने मोदी सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और विदेश मंत्रालय में बतौर राज्य मंत्री रह चुके हैं। वहीं, हर्षवर्धन केंद्र की मोदी सरकार में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्री के तौर पर सेवा दे चुके हैं।

### इनका समाप्त हो रहा है कार्यकाल

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का कार्यकाल 29 जुलाई को खत्म हो रहा है। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र का कार्यकाल 9 सितंबर को खत्म हो रहा है, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का कार्यकाल 22 जुलाई को पूरा हो रहा है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का कार्यकाल 6 सितंबर को खत्म हो रहा है। वहीं, पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित इस्तीफा दे चुके हैं। अभी तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके, मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान का कार्यकाल अगले दो से तीन महीने के अंदर समाप्त हो रहा है।

### आरिफ मोहम्मद खान का बढ़ सकता है कार्यकाल

सरकार केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का कार्यकाल बढ़ा सकती है। खान का कार्यकाल 6 सितंबर, 2024 को पूरा होगा। इसके अलावा, केंद्र सरकार तेलंगाना के लिए पूर्ण राज्यपाल नियुक्त करने की प्रक्रिया में है। पूर्व खाद्य निगम राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे को तेलंगाना का नया राज्यपाल नियुक्त किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार ने चौबे को राज्यपाल बनाकर भेजने का फैसला किया गया है। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने के बाद तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने तेलंगाना के राज्यपाल पद से इस्तीफा दिया था। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के पास फिलहाल तेलंगाना के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे नल्लारी किरण कुमार रेड्डी को भी राज्यपाल बानए जाने के कयास हैं। उन्हें कर्नाटक का राज्यपाल बनाए जाने की संभावना है। ज्ञात रहे कि फिलहाल पीएम मोदी की सरकार लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव की तैयारियों में जुटी है।

## पत्र लिखकर बताई अपनी पीड़ा

# स्वाति मालीवाल ने राहुल व शरद पवार से मांगा मिलने का समय

- यह कहा पत्र में-सीएम के आवास पर की गई मारपीट, साथ देने के बजाय पार्टी नेताओं ने किया चरित्र हनन

एजेंसी | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने खुद पर कथित हमले को लेकर नई मुहिम छेड़ दी है। उन्होंने राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेताओं पत्र लिखकर अपना दर्द बताया है और मुलाकात के लिए समय भी मांगा है। राहुल गांधी और शरद पवार को लिखे पत्र को मालीवाल ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी किया है। उन्होंने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में अपने कामकाज का जिक्र करते हुए अपने साथ हुई घटना के बारे में उन्हें बताया है। मालीवाल ने कहा, 'पिछले 18 सालों से मैंने जमीन पर काम किया है और 9 सालों में महिला आयोग में 1.7 लाख मामलों की सुनवाई की है। बिना किसी से डरे और किसी के आगे झुके, महिला आयोग को एक बहुत ऊंचे मकाम पर पहुंचाया। पर बहुत दुख की बात है कि पहले मुझे मुख्यमंत्री के घर पर बुरी तरह पीटा गया, फिर मेरा चरित्र हनन



करा गया। मालीवाल ने बताया कि उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी बड़े नेताओं को पत्र लिखा है और मिलने का समय मांगा है। मालीवाल ने पत्र में कहा है कि13 मई को सीएम के आवास पर उनके पीए ने उनको पीटा, लेकिन समर्थन दिए जाने की बजाय उनकी ही पार्टी के नेताओं ने चरित्र हनन किया। मालीवाल ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ चलाए गए मुहिम की वजह से उन्हें रेप और हत्या की धमकी दी जा रही है। मालीवाल ने कहा, एक महीने से मैंने खुद अनुभव किया है कि न्याय की लड़ाई में पीड़िताओं को किस तरह दर्द और अकेलेपन का सामना करना पड़ता है। जिस तरह की विक्टिम शेमिंग और चरित्र हनन मेरे साथ किया गया है, इससे महिलाएं अपने खिलाफ अपराध पर बोलने से हतोत्साहित होंगी।

## वायनाड में प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी से खुश नहीं वाम दल

# प्रियंका के खिलाफ प्रत्याशी खड़ा करेगी भाकपा

एजेंसी | वायनाड/तिरुवनंतपुरम

केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) में शामिल भाकपा ने भाकपा ने मंगलवार को कहा कि वह वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ अपना उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारेगी। वहीं, भाजपा ने प्रियंका की वायनाड से उम्मीदवारी पर तंज कसते हुए कहा है कि कांग्रेस ने यह फैसला लेकर वायनाड की जनता के साथ धोखा किया है। भाकपा के प्रदेश सचिव बिनॉय विश्वम ने संवाददाताओं से कहा कि भाकपा और एलडीएफ ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो भाजपा के अनुकूल हो। हम निश्चित रूप



से वायनाड में अपना उम्मीदवार उतारेंगे। प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी के बारे में पूछे जाने पर बिनॉय विश्वम ने कहा कि कांग्रेस को किसी भी क्षेत्र में अपना उम्मीदवार चुनने की पूरी स्वतंत्रता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी की योजना वायनाड सीट खाली करने की थी, तो उन्हें राहुल गांधी जैसे एक प्रमुख नेता को दक्षिण में लाने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

### प्रियंका की उम्मीदवारी पर कसा तंज

भाजपा की केरल ईकाई के अध्यक्ष के. सुरेन्द्रन और वरिष्ठ नेता वी. मुरलीधरन ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बिना किसी संदेह के अब यह साबित हो गया है कि कांग्रेस केवल गांधी-नेहरू परिवार का निजी टूल है, जो केवल एक परिवार के फायदे के लिए काम करता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब कांग्रेस पलक्कण विधानसभा उपचुनाव के लिए राबर्ट वाड्रा को उम्मीदवार बना दे। मुरलीधरन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड की जनता के साथ धोखा किया है।

### कांग्रेस नेता सतीशन का दावा: राहुल से भी ज्यादा वोटों से जीतेगी प्रियंका

दूसरी ओर कांग्रेस नेता वी.डी सतीशन ने कहा कि उनके बयान का कोई मतलब नहीं है। वायनाड ही नहीं पूरा केरल प्रियंका गांधी के आगमन का दिल खोलकर स्वागत करेगा। जैसे लोगों ने राहुल गांधी को स्वीकारा था, उसी तरह प्रियंका को भी अपनाएंगे। प्रियंका गांधी अपने भाई की तुलना में अधिक मतों के अंतर से वायनाड लोकसभा सीट जीतेंगी।

## भाजपा की केंद्रीय टीम के सदस्य पश्चिम बंगाल के दौरे पर

# चुनाव हिंसा का शिकार हुए लोगों से मिले, करना पड़ा विरोध का सामना

एजेंसी | कोलकाता

भाजपा की चार सदस्यीय केंद्रीय तथ्यान्वेषी टीम पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के बाद हुए हिंसा की जांच के लिए मंगलवार को प्रदेश के दौरे पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने दक्षिण 24 परगना में चुनाव के बाद हुए हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की।

इस कमेटी में सांसद अग्निमित्रा पॉल, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद रविशंकर प्रसाद और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद बिप्लब कुमार देब शामिल हैं। टीम को अपनी ही पार्टी के



कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उस समय सहानुभूति नहीं दिखाई, जब उन्हें अपने घरों से विस्थापित कर कहीं और आश्रय दिया गया था।

### रविशंकर ने ममता सरकार को घेरा

पीड़ितों से मुलाकात के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में तृणमूल कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, हर तरफ एक ही कहानी है। अगर आप भाजपा के लिए काम करते हैं तो आपको पीटा जाएगा। अगर आप यहां आएंगे तो आपकी पत्नी और परिवार को हिंसा का शिकार होना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ममता जी यह आपकी सरकार है। यहां महिलाओं को पीटा जाता है। यह बहुत गंभीर मामला है।

## चार राज्यों में विधानसभा चुनाव

# कांग्रेस ने रणनीति तय करने के लिए कसी कमर, 24 से शुरू होंगी बैठकें

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव नतीजों से उत्साहित कांग्रेस अब चार राज्यों में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाने की तैयारी में जुट गई है। पार्टी सफलता की रफ्तार बरकरार रखना चाहती है और पार्टी एक नई रणनीति के तहत अलग-अलग राज्यों में चुनाव मैदान में उतरेगी। इसी क्रम में पार्टी संगठन को मजबूत करने और जम्मू-कश्मीर के अलावा झारखंड, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे चुनावी राज्यों में अपनी रणनीति तैयार करने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे



और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 24 जून से रणनीतिक बैठकें शुरू करेंगे। पार्टी झारखंड के लिए 24 जून, महाराष्ट्र के लिए 25 जून, हरियाणा के लिए 26 जून और जम्मू-कश्मीर के लिए 27 जून को बैठक करेगी। ये बैठकें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में होंगी, जिसमें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, के सी वेणुगोपाल सहित संबंधित राज्यों के वरिष्ठ नेता, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता मौजूद रहेंगे। जम्मू कश्मीर के लिए अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई हैं।

कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम राज्य विधानसभाओं के अगामी चुनावों में शानदार जीत सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं। हमारे प्रयासों को गति देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी चुनाव वाले राज्यों के वरिष्ठ नेताओं के साथ रणनीति बैठकें करेंगे।

### इन राज्यों में खराब प्रदर्शन से चिंतित है पार्टी

कांग्रेस के लिए कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी का प्रदर्शन खासतौर पर चिंता का विषय है। जबकि पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले वहां हुए विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन कर साथ सत्ता हासिल की थी। संसदीय चुनावों में वहां प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। पार्टी के लिए मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और जम्मू में भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पार्टी की राज्यों के लिए समीक्षा बैठकें इस महीने के अंत में शुरू होने की संभावना है। हरियाणा कांग्रेस की बैठक गत दिनों भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उदय भान की अगुवाई में हुई, जिसमें हरियाणा विधानसभा चुनावों पर चर्चा की गई।

### खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की होगी समीक्षा, संगठन में बदलाव संभव

बताया जा रहा है कि संगठनात्मक खामियों को दूर करने और भविष्य की तैयारी के लिए खरगे जल्द ही उन राज्यों की समीक्षा शुरू करेंगे, जहां हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा। इन बैठकों के बाद कांग्रेस कांग्रेस कमेटी और राज्य इकाइयों में संगठनात्मक फेरबदल कर सकती है। इसके अलावा पार्टी प्रमुखों और प्रबंधकों की भूमिका का भी आकलन किया जा सकता है।

### राज्यों के लिए प्रस्तावित बैठक

| | | |
|---|---|---|
| ● झारखंड | - | 24 जून |
| ● महाराष्ट्र | - | 25 जून |
| ● हरियाणा | - | 26 जून |
| ● जम्मू-कश्मीर | - | 27 जून |

### वाईएस शर्मिला की खरगे से मुलाकात

इस बीच, कांग्रेस की आंध्र प्रदेश इकाई की अध्यक्ष वाई एस शर्मिला ने मंगलवार को खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की। खरगे ने कहा, हम आंध्र प्रदेश में पार्टी संगठन को फिर से मजबूत करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। हर कांग्रेस कार्यकर्ता को कड़ी मेहनत करनी चाहिए और लोगों की आवाज बनना चाहिए।

## जरूरी खबर

### बिहार: उद्घाटन के पहले ही ढह गया 12 करोड़ का पुल

**अररिया(बिहार)।** बिहार के अररिया जिले में निर्माणाधीन पुल उद्घाटन से पहले ही ढह गया। जिसकी लागत 12 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मंगलवार की दोपहर नेपाल से पानी आने के बाद सिकटी प्रखंड क्षेत्र होकर बहने वाली बकरा नदी के पड़रिया घाट पर बने पुल के दो पिलर ध्वस्त हो गए। वहीं एक धंस गया। हालांकि इस पुल का निर्माण तो हो गया था लेकिन एप्रोच पथ नहीं बनने के कारण पुल पर आवागमन शुरू नहीं हुआ था। अररिया में पुल ढहने की इस घटना पर नीतीश सरकार ने नाराजगी जताई है। इस मामले में तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता व कनीय अभियंता को निलंबित कर दिया है। घटना की जांच के लिए पटना से टीम रवाना होगी। बीते साल 4 जून को खगड़िया के अगुवानी गंगा घाट पर निर्माणाधीन पुल के तीन पिलर धंस गए थे। और पुल का एक हिस्सा नदी में समा गया था।

### प्रज्वल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जद-एस संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पौत्र प्रज्वल दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसके पहले 12 जून को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें 18 जून तक एसआईटी की हिरासत में भेजा था, जो उनके विरुद्ध मामलों की जांच कर रही है। 33 वर्षीय रेवन्ना को 31 मई को जर्मनी से बेंगलुरु एयरपोर्ट पर उतरने के तुरंत बाद एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया था

### अरुंधति रॉय के खिलाफ आरोप पत्र अगले सप्ताह

**नई दिल्ली।** लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर के कथित भड़काऊ भाषणों को लेकर यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस अगले सप्ताह आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बता दें कि यह मामला साल 2010 का है, जब नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में इन दोनों ने कश्मीर को लेकर वह भड़काऊ भाषण दिया था।

## पीएम मोदी ने किया गंगा पूजन... आरती दर्शन और गंगा आरती







*वाराणसी। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मंगलवार को पहली बार वाराणसी दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को दशाश्वमेध घाट पहुंचे। वहां उन्होंने पहले विधि विधान पूर्वक लगभग 11 मिनट तक गंगा पूजन किया। इसके बाद वे घाट पर महाआरती में शामिल हुए। इस महा आरती में 21 देव कन्याएं, नौ प्रमुख अर्चक मौजूद थे। आरती की शुरुआत 3 मिनट धारा प्रवाह शंखनाद से हुई. इसके बाद डमरू की निनाद व हर हर महादेव के जय घोष से पूरा घाट गुंजायमान हो गया। महाआरती में पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजपाल आनंदीबेन पटेल व कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे। गंगा आरती के बाद प्रधानमंत्री को गंगा सेवा निधि के सदस्यों द्वारा स्मृति चिह्न अंगवस्त्र देकर अभिवादन किया गया।*

राजनाथ सिंह का सहयोगी दलों के साथ संसद सत्र की रणनीति पर मंथन

# अध्यक्ष के चुनाव पर फिर हुई चर्चा आम सहमति के लिए प्रयास तेज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सहयोगी दलों के साथ सहमति कायम करने के लिए भाजपा की ओर से मंगलवार को तीसरे दिन भी मंथन जारी रहा। मंगलवार शाम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक और बैठक हुई है जिसमें लोकसभा के अगामी सत्र के लिए रणनीति और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए चर्चा हुई। हालांकि, अब माना ये जा रहा है कि स्पीकर को लेकर सहमति बन चुकी है। जिसमें भाजपा नेता राधामोहन सिंह और डी पुरंदेश्वरी का नाम सबसे आगे है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के गठन के बाद अब लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव अहम चुनौती बनी हुई है। इसके लिए राजग के सहयोगी दलों के बीच आम सहमति बनाने के लिए राजनाथ सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यही वजह है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर मंगलवार को राजग के सहयोगी दलों की एक और बड़ी बैठक हुई। बैठक में राजनाथ सिंह के अलावा केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, मनोहर लाल खट्टर, धर्मेंद्र प्रधान, किरेन रिजिजू, एस. जयशंकर, भूपेन्द्र यादव और वीरेन्द्र कुमार के अलावा अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद रहीं। बैठक में सहयोगी दलों की ओर से जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान के साथा टीडीपी के नेता भी शामिल हुए। बैठक के बाद सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लोकसभा अध्यक्ष का पद भाजपा के पास रहने को लेकर सहमति बन गई है। जबकि उपाध्यक्ष का पद टीडीपी या जेडीयू के हिस्से में आएगा।



### विपक्ष की सरकार को घेरने की तैयारी

इसी बीच, नीट में धांधली और बंगाल रेल हादसा सहित कुछ मुद्दों को लेकर विपक्ष संकेत दे चुका है कि पहले सत्र में ही सरकार की घेरेबंदी जोरदारी से की जाएगी। इसे लेकर सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा ने भी सहयोगी दलों के साथ समन्वय पर ध्यान लगा दिया है।

### संसद सत्र के लिए रणनीति पर की चर्चा

राजनाथ सिंह ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक में आगामी संसद सत्र के लिए रणनीति बनाने पर भी चर्चा की। बताया जा रहा है कि रक्षा मंत्री ने 27 जून को होने वाली संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए राजग के सहयोगी दलों जदयू और लोजपा(आरवी) के ललन सिंह और पासवान समेत वरिष्ठ मंत्रियों से सुझाव मांगे हैं।

41 हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

## सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए... जांच में निकली अफवाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश के 41 हवाईअड्डों को मंगलवार को बम की धमकी वाले ईमेल मिले थे। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच के बाद उनमें से प्रत्येक को अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल मंगलवार दोपहर करीब 12.40 बजे मिला, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों को सतर्क किया गया। इसके बाद सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

ईमेल भेजने वाले ने कहा कि हवाई अड्डे पर बम लगाए गए हैं, और वे कभी भी फट सकते हैं। आप सभी मर जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि इन फर्जी धमकी भरे ईमेल के पीछे केएनआर नामक एक आनलाइन समूह का हाथ होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि समूह ने एक मई को दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को इसी तरह के ईमेल जारी किए थे। सूत्रों ने कहा कि सभी हवाईअड्डों ने इस खतरे को अफवाह बताया और यात्रियों की गतिविधियों को निर्बाध रूप से जारी रखा गया। नागपुर हवाई अड्डे के अधिकारियों को बम की धमकी वाला ई-मेल मिलने के बाद वहां गहन सुरक्षा जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### मुंबई के कई अस्पतालों को भी मिली धमकी

उधर, मुंबई पुलिस ने कहा कि मुंबई में जसलोक हॉस्पिटल, रहेजा हॉस्पिटल, सेवन हिल हॉस्पिटल, कोहिनूर हॉस्पिटल, केईएम हॉस्पिटल, जेजे हॉस्पिटल, सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल समेत 50 से ज्यादा अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरे ईमेल वीपीएन नेटवर्क का उपयोग करके भेजे गए हैं। प्रेषक की पहचान और धमकी का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है।

साइबर स्पेस के अभियानों के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी

## तीनों सेनाओं के एकीकरण को मिलेगा बढ़ावा

**एजेंसी** | नई दिल्ली



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को साइबरस्पेस के अभियानों के संचालन में कमांडरों का मार्गदर्शन करने वाला संयुक्त सिद्धांत (डॉक्टरीन) जारी किया। यह सिद्धांत एक ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो मौजूदा जटिल सैन्य अभियानों के इतर साइबर जगत के संचालन में कमांडरों, कर्मचारियों और पेशेवरों का मार्गदर्शन करेगा। यह तीनों सेनाओं के एकीकरण को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह सिद्धांत साइबर जगत के सैन्य पहलुओं को समझने पर जोर देता है। इसके अलावा योजना बनाने और वांछित लक्ष्यों को हासिल करने में सेना को वैचारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह दस्तावेज ऐसे समय में जारी किया गया है, जब सरकार देश की सैन्य ताकत को मजबूत करने के लिए थिएटर कमान शुरू करने पर विचार कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीडीएस ने भविष्य के युद्धों में साइबर जगत की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि थल, समुद्र और वायु सहित युद्ध के पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा साइबर जगत भी भविष्य के युद्धों में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि साइबर जगत एक चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि थल, समुद्र और वायु क्षेत्र की क्षेत्रीय सीमाओं के विपरीत साइबर जगत एक वैश्विक साझा क्षेत्र है। इसलिए इसकी साझी संप्रभुता है।

### देश की सुरक्षा क्षमता हो सकती है प्रभावित

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि साइबर जगत में शत्रुतापूर्ण कार्रवाई देश की अर्थव्यस्था, सामंजस्य, सियासी फैसलों और राष्ट्र की खुद की रक्षा करने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है। इसने आगे कहा कि साइबर जगत में अभियानों को राष्ट्रीय सुरक्षा के ताने-बाने में ढालने की जरूरत है।

### मोदी और राष्ट्रपति चिंग को धमकाया नहीं जा सकता

**नई दिल्ली।** ताइवान के राष्ट्रपति लेई चिंग ते और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुए संदेशों के आदान-प्रदान पर चीन की आपत्ति को ताइपे ने खारिज किया है। ताइवान के उप विदेश मंत्री चंग क्वांग तियेन ने कहा, मुझे भरोसा है कि ऐसी प्रतिक्रिया से पीएम मोदी और हमारे राष्ट्रपति दोनों को ही धमकाया नहीं जा सकता। तियेन ने भारत-ताइवान संबंधों पर चीन की प्रतिक्रिया को गैरजरूरी दखलंदाजी बताया। उन्होंने कहा, हमारे नए राष्ट्रपति ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर सोशल मीडिया पर बधाई दी और मुझे लगता है कि बदले में मोदी ने भी वहीं प्रतिक्रिया दी।

## लॉरेंस बिश्नोई के वीडियो से हड़कंप, जांच के आदेश

■ पाकिस्तानी डॉन को दी थी बधाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली



कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लॉरेंस कथित रूप से पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी को ईद की बधाई दे रहा है। मौजूदा समय में लॉरेंस बिश्नोई गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने इसकी जांच का आदेश दिया है। मंत्री रुशिकेश पटेल ने कहा, इसकी जांच की जाएगी कि यह पुराना वीडियो है या नया। यह कहां से लीक हुआ? ज्ञात रहे कि इससे पहले लॉरेंस बिश्नोई एक निजी चैनल को जेल से इंटरव्यू देने के बाद सुर्खियों में आया था। इस मामले की जांच पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा गठित टीम कर रही है।

पश्चिमी विक्षोभ लाएगा बारिश

# मानसून ने फिर पकड़ी गति, प्रचंड गर्मी से जल्द राहत मिलने की उम्मीद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लंबे इंतजार और बेकरारी के बाद मानसून ने फिर गति पकड़ी है। देश के दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पश्चिम दोनों हिस्सों में चार चक्रवातीय स्थिति बन चुकी हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है। दिल्ली में प्रचंड गर्मी का असर बुधवार शाम से ही कम होने लगेगा। बिहार-झारखंड, ओडिशा एवं उत्तर प्रदेश की तरफ मानसूनी हवा तेजी से आगे बढ़ने लगी है। अगले दो-तीन दिनों में बिहार के अधिकतर क्षेत्रों में बारिश होने लग जाएगी।



निजी एजेंसी स्काईमेट के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने एक ब्रेक के बाद मानसून की चाल को बेमिसाल बताया है, जो हफ्ते भर में व्यापक विस्तार की ओर अग्रसर है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार अगले दो दिनों तक बंगाल एवं उत्तरी असम में बहुत भारी वर्षा जारी रह सकती है। तीन-चार दिनों के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और बंगाल के मैदानी इलाकों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल दिख रही हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि मध्य पाकिस्तान और पंजाब के ऊपर चक्रवाती हवा का क्षेत्र बन रहा है। वहां से एक निम्न दबाव की रेखा हरियाणा तक आएगी। इसके असर से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम करवट लेगा। अगले दो दिन इन सभी जगह धूल भरी आंधी चलने, गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने और कहीं तेज, कहीं हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इससे गर्मी से राहत रहेगी। अगले पांच दिनों के दौरान बिहार, झारखंड एवं ओडिशा में गरज के साथ बारिश हो सकती है। हवा की गति 30-40 किमी प्रतिघंटे रह सकती है। किसी-किसी क्षेत्र में भारी वर्षा भी हो सकती है।

### पश्चिम में दो चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय

पश्चिम में दो चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। पहला अफगानिस्तान के ऊपर और दूसरा अरब सागर में सौराष्ट्र के पास। अफगानिस्तान में सक्रिय विक्षोभ मंगलवार से ही सक्रिय हो चुका। अगले चार दिन जम्मू-कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड में तथा 20 जून तक पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## पूर्वोत्तर में भारी बारिश और बाढ़, असम में हालात विकट

**एजेंसी** | गुवाहाटी

उत्तर और पूर्वी भारत जहां प्रचंड गर्मी से झुलस रहा है, वहीं पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में बारिश ने कहर बरपाया है। असम में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। ब्रह्मपुत्र समेत प्रमुख नदियां उफान पर हैं। वहां 309 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। 1.05 लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। मेघालय वर्षा जनित घटनाओं में दो लोगों की मौत हुई है।

### सिक्किम में 1225 पर्यटकों को निकाला

सिक्किम में भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में फंसे पर्यटकों में अब तक1225 पर्यटकों को निकाला गया। मंगन जिला मजिस्ट्रेट हेम कुमार छेत्री ने बताया कि अब चंगथांग और लाचुंग में करीब डेढ़ सौ पर्यटक बचे हैं, जिन्हें बुधवार को निकाल लिया जाएगा।

## निर्जला एकादशी पर जयपुराइट्स ने पुण्य कार्य किए... छबील लगाई, दान किया

# मिल्क रोज, शरबत और तरबूज का रस पिलाकर की राहगीरों की सेवा

बेधड़क | जयपुर

निर्जला एकादशी पर जयपुराइट्स ने पुण्य कार्य करते हुए पूजा-पाठ के साथ भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए आने-जाने वालो को शरबत और जूस पिलाकर राहत दी। ऐसे में हलवाई चाट तंदूर केटरिंग मजदूर यूनियन ने शास्त्री नगर में तरबूज का रस पिलाकर सेवा की। हनुमान साहू (मोदी) ने बताया कि सेवा के दौरान यूनियन कार्यकर्ताओं ने तरबूज रस और जलसेवा का आयोजन करते हुए जयकारे लगाए। इसी प्रकार सुल्ला टावर किरण विहार इस्कॉन मुहाना मंडी रोड पर भगवान सहाय सुल्ला, मंगलराम सैनी, नारायण सुल्ला, दामोदर शर्मा, राजेश मीना, श्रवण बुडगाया, मनोज सुल्ला, ललित सुल्ला, हितेश सुल्ला, लोकेश शर्मा, प्रियांशु, बाबूलाल, शांति देवी, बद्रीनारायण प्रजापत के साथ महेंद्र सुल्ला, तरूण, संजय ने शबरत पिलाकर सेवा कार्य किया। वहीं, देवी नगर और कटेवा नगर में युवाओं ने लोगों की सेवा की और ठंडा पेय पिलाकर सेवा करते हुए भक्तिमय माहौल बनाया और जयकारे लगाए।



### पंखी-मटके का किया दान

गोविंद देवजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जल से भरे छोटे मटके (कलश) का दान किया। मंदिर के सेवक जल को टंकी में एकत्र कर मटकों को दूसरे स्थान पर रखते रहे। मंदिर के बाहर हाथ पंखी बेचने वालों से पंखी खरीद कर ठाकुरजी को हवा करने के बाद दान की गई। श्रद्धालुओं ने अन्न, कपड़े, आसन, जूता, छाता, पंखा और फलों का का दान किए। कई लोगों ने प्याऊ पर जल से भरे मटके रखवाए।





### केले, आइसक्रीम और लस्सी का वितरण

टीम मित्राय के साथियों ने एसएमस अस्पताल के बाहर मिल्क रोज 551 किलो दूध से बना कर केले 400 किलो आईसक्रीम 5100 पीस लस्सी 2500 पीस का वितरण आमजन के लिए किया। इस मौके पर संजय गुप्ता, रश्मि, जया बेलानी, अमित जोशी, दिनेश प्रजापत, अभिनव भारद्वाज, राकेश, शिव प्रसाद, समीर वर्मा, हिमांशू शर्मा, संतोष मंडा, विजेंद्र सैनी, आलोक सहित अनेक साथी उपस्तिथ रहे।

SFS चौराहा



*सेवा मंच एसएफएस वार्ड 84 के कार्यकर्ताओं ने एसएफएस चौराहा बीटू बाईपास मिल्क रोज का वितरण किया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल राजेश, प्रवीण, रविंद्र सिंह, पंकज, कृष्ण दीप, जय कृष्ण, प्रमोद, संदीप, राकेश, अजय, निखिल, राजकुमार, अनूप, अनिता, सपना आदि कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।*

गणगौरी बाजार



*गणगौरी बाजार का चौराहा विकास समिति और हनुमान मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को निर्जला एकादशी पर राहगीरों को मिल्क रोज एवं ठंडाई-शरबत का वितरण किया गया।*




*मरुभूमि चेरिटाबल ट्रस्ट की ओर से संस्थापक रजनी राठौर की ओर से मिल्क रोज वितरण किया। इस मौके पर राजेश खंडेलवाल, गौतम, सुनील जांगिड़, शाहिद, अलमास पठान, जीतू का योगदान रहा।*

## पत्रकार स्वस्थ रहने को करें योग



**बेधड़क. जयपुर।** पत्र सूचना कार्यालय जयपुर की ओर से पत्रकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर सांसद मंजु शर्मा ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' रखी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू किया गया योग का कार्यक्रम पिछले एक दशक में देश और दुनिया में लोकप्रिय रहा। उन्होंने मीडिया कर्मियों को वयस्त जीवन में स्वस्थ रहने की लिए निरंतर योग का अभ्यास करने की बात कही। योग को लेकर जयपुर में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। नगर निगम ग्रेटर और विभिन्न योग संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में योग साधकों द्वारा लगातार 1500 मिनट से अधिक अखंड योग किया गया जो विश्व रिकॉर्ड है। इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर सहायक आचार्य व योग प्रशिक्षक डॉ. पुनीत चतुर्वेदी ने कहा कि सही तरीके से किया गया योग शरीर को स्वस्थ रखने में बड़ी भूमिका निभाता है। पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक पवन सिंह फौजदार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्लांटेशन से देंगे ग्रीनरी का मैसेज

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स प्लांटेशन करते हुए शहर को ग्रीन बनाने का मैसेज देंगे। इसके लिए न्यू सांगानेर स्थित कासा ब्लेंका सोसायटी मैंबर्स शनिवार-रविवार को पौधारोपण करेंगे। इस दौरान विशेष रूप से आस-पास के बच्चों को आमंत्रित किया गया है, जिनको प्लांटेशन करने की जानकारी देने के साथ इसका महत्व बताया जाएगा।

## पट्टियों के अनुसार पार्किंग की अपील



**बेधड़क. जयपुर।** विधाधर नगर में कार पार्किंग व्यस्था को सुचारू बनाने के लिए सफेद पट्टी लगाने का काम टीम 10 ने किया। इस दौरान टीम मैंबर्स ने अपनी ओर से सफेद पेंट की पट्टियां लगाई और लोगों को पार्किंग पट्टियों के अनुसार करने की अपील की। टीम के अनुसार ये अभियान आगे भी जारी रहेगा और पूरे क्षेत्र में ऐसी पट्टियां बनाईं जाएंगी, जिससे लोगों को कार पार्क करने में आसानी हो।

## City इवेंट्स

### सक्षम को फ्लाइट लेफ्टिनेंट की रैंक



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय वायुसेना में कार्यरत जयपुर के फ्लाइंग ऑफिसर सक्षम रावल को पदोन्नत करते हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट की रैंक दी गई। यह रैंक आर्मी में कैप्टन के समकक्ष है। रावल को भारतीय वायुसेना में 2022 में कमिशन प्राप्त हुआ था। वायुसेना के उच्च अधिकारियों ने इस अवसर पर रावल के कंधों पर रैंक लगाई और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### गुड टच-बैड टच का फर्क बताया

**बेधड़क, जयपुर।** एक्सपर्ट्स ने बच्चों को गुड टच-बैड टच सिखाते हुए अवेयर किया। मौका था बिंदी इंटरनेशनल एनजीओ और विद्या आदिति फाउंडेशन की ओर से जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यक्रम का। महिलाओं ने भी बच्चों को गाइड किया। बच्चों ने विशेषज्ञों से सवाल करते हुए जानकारी प्राप्त की।

### डॉ. विजय वर्मा को दी श्रद्धांजलि



**बेधड़क, जयपुर।** लोकवार्ता और लोक-साहित्य के अध्योता डॉ. विजय वर्मा का मंगलवार को 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। डॉ. विजय वर्मा ने जवाहर कला केन्द्र के प्रथम महानिदेशक रहते हुए केन्द्र को विश्वस्तर पर स्थापित करने व कला व संस्कृति के कल्याण के लिए योगदान दिया था। मंगलवार शाम केन्द्र में जूनियर समर कैम्प के नन्हें कलाकारों, कला अनुरागियों की उपस्थिति में मौन रखकर डॉ. विजय वर्मा को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत व अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे। वर्ष 1935 में पूर्वी उत्तर प्रदेश में जन्में डॉ. वर्मा का 1960 में भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चयन हुआ था।

### भगवान सुपार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव

## श्रीजी का अभिषेक, समृद्धि की कामना के साथ की शांतिधारा



बेधड़क | जयपुर

जैन धर्म के 7वें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक जयपुराइट्स ने उत्साह से मनाया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन हुए।

मंदिरों में सुबह मंत्रोच्चार से श्रीजी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। इसके बाद भगवान सुपार्श्वनाथ की अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान जन्म कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए जन्म कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। भगवान सुपार्श्वनाथ की महाआरती से समापन हुआ।

आगरा रोड पर श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, दिगम्बर जैन मंदिर जीऊबाईजी, जनकपुरी के श्रीनेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर व सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य कई मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। वहीं, जवाहर नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में विशेष आयोजन हुए। अब रविवार को प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।

### परिचय सम्मेलन करेगी राजस्थान जैन युवा महासभा

## धार्मिक और मानव की सेवार्थ गतिविधियां करने का आह्वान



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन सहित कई समाजोपयोगी गतिविधियों का आयोजन करेगा। यह निर्णय भट्टारकजी की नसियां स्थित बड़जात्या सभागार में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की सभा में लिया गया। युवा महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन के नेतृत्व में आयोजित मीटिंग का शुभारंभ णमोकार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण से किया गया। सुभाष बज ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया।

प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने सभी जोनों के अधीनस्थ संगठनों से जोनवार धार्मिक, सामाजिक व मानव सेवार्थ गतिविधियां करने का आह्वान किया। मीटिंग में युवा महासभा के सहकार मार्ग स्थित राजस्थान प्रदेश कार्यालय पर जैन सूचना व सहायता केन्द्र शुरु करने, जुलाई माह में धार्मिक यात्रा का आयोजन करने, भजन गायन प्रतियोगिता, प्रतिभाओं का सम्मान, भाद्रपद मास में सामूहिक पूजा, दशलक्षण महापर्व के दौरान धार्मिक, सांस्कृतिक व प्रतियोगिता वर्ग के कार्यक्रमों को पुरस्कृत करने पर बात की गई। इस मौके पर राकेश गोधा, मनीष बैद, पवन पांड्या, भारत भूषण जैन, चेतन जैन निमोड़िया, मनीष सोगानी, विनीत चांदवाड़, वैभव जैन, तरुण जैन, मुकेश कासलीवाल, सुनील अजमेरा ने विचार रखे।

**समर कैंप** | जूनियर आर्टिस्ट्स की कहानियों को मिला मंच, साकार हुईं कल्पनाएं

# रंगमंच विधा के बच्चों ने दिखाया अभिनय कौशल

बेधड़क | जयपुर

जूनियर आर्टिस्ट्स ने जब मंच पर प्रस्तुति दी तो उनके गुरुओं के साथ प्रोफेशनल कलाकार भी देखते रह गए। कला की ऐसी बानगी पेश हुई कि कभी कटाक्ष तो कभी ऊंचाइयां देखने को मिली। ये अदभुत नजारे थे जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित जूनियर समर कैंप में रंगमंच विधा के प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों के। उन्होंने अभिनय के साथ विभिन्न कहानियों को मंच पर साकार किया। 250 से अधिक बच्चों ने एक्सपर्ट्स के जरिए रंगमंच की बारीकियां कैम्प में सीखी। 10 नाटकों का बच्चों ने मंचन किया। ये सभी लघु नाटक एक्सपर्ट्स के निर्देशन में कक्षा के दौरान बच्चों ने तैयार किए। बच्चों की ओर से बनाए गए न्यूज लेटर की प्रदर्शनी लगाई गई।



### अपने-अपने ग्रुप की बताईं खूबियां

परदा उठते ही जुगनुओं की तरह चमचमाते रंगमंच के नन्हें सितारे मंच थे। दर्शकों के बीच में से ही बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक आते हैं। राजकुमार हिरानी, अनुराग कश्यप बने बच्चों ने बताया कि जेकेके का क्रिएटिविटी लेवल ज्यादा होने की वजह से वे इंस्पिरेशन लेने यहां आए। बच्चों ने अपने-अपने ग्रुप की खूबियां बताई। ग्रुप के गाने गुनगुनाए और नाटकों में क्रिएटिविटी दर्शाई। इस दौरान ग्रुप प्यारे तारे, अनार के दाने, एचटूओ, ओले, देसी, चकमक, एल्जेब्रोस, पंच लाइन, तापमान और इश्तिहार ने क्रमश: महापुर का साथी, गिली गिली छू, वार्तालाप, फैमिली 2.O, यम आ-यम आ,, हवेली की चाबियां, ऑमलेट (सोने का अंडा), बिट्टू की दुल्हनियां, भयभीत, देर कर देता हूं मैं नाटक मंचित हुए।

### इन्होंने दिया प्रशिक्षण

थिएटर में राजू कुमार, विशाल भट्ट, गौरव कुमार, पूजा सहाय, चिन्मय मदान, अनुरंजन शर्मा, सोमेश सोढ़ा, उमेश पंत, वृतिका धाभाई, विजय प्रजापत, उज्ज्वल प्रकाश मिश्रा आदि प्रशिक्षक रहे। वहीं अरविंद सिंह चारण, कल्पना मौर्य, कमलेश कुमार बैरवा, संतोष खंडेलवाल (सक्षम), प्रवीण कुमावत, रेया माथुर, रेणु सनाढ्य, वैदेही सक्सेना ने सहायक प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। इस मौके पर बड़ी संख्या में परिजन, गुरु और साथी कलाकारों के अलावा कला प्रेमी मौज्द रहे, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाया और उनको मोटिवेट किया।



### गाजा पर बकरीद की रात में बरपा कहर... शरणार्थी कैंप पर फिर अटैक

# इजराइली हमलों में बच्चों समेत 17 लोगों की मौत

**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा पट्टी पर जारी इजराइली हमले बकरीद की रात को और तेज हो गए। मध्य गाजा पर हुए इन हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत 17 लोग मारे गए हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार ये हमले दो जगहों पर हुए, जहां बेघर हुए लोगों को शरणार्थी कैंपों में रखा गया था। रिपोर्ट के अनुसार बकरीद की रात को हुए पहले हमले में महिलाओं और बच्चों समेत 10 लोग मारे गए। इनमें से 5 लोग तो एक ही परिवार के हैं। इसके अलावा करीब 20 लोग जख्मी हो गए। करीब एक घंटे के बाद ही एक और हमला हुआ, जिसमें 7 लोग मारे गए। इस भीषण हमले में पूरा परिवार ही मारा गया। इनमें परिवार के मासूम बच्चे और दादा-दादी तक शामिल थे। शरणार्थी शिविरों में इजराइल पर हमले के आरोप पहले भी लगते रहे हैं। इन दो हमलों में करीब 35 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पतालों में एडमिट कराया गया है।







## इजराइल में अंदरुनी कलह तेज

इस बीच इजराइल में अंदरुनी कलह भी तेज हो गई है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने वॉर कैबिनेट को भंग कर दिया है। वहीं नेता विपक्ष याइर लैपिड का कहना है कि यदि हम लोग एकजुट हो गए तो फिर बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता की कोशिश हो रही है। लैपिड ने कहा कि सरकार को सत्ता से बाहर होना चाहिए। हमें लगता है कि ऐसा किया जा सकता है। गौरतलब है कि इजरायली पीएम की चिंताएं तब बढ़ीं, जब वॉर कैबिनेट के दो अहम सदस्यों ने रिजाइन कर दिया था। इसके बाद फिर नेतन्याहू ने वॉर कैबिनेट को ही भंग कर दिया।

### रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर करेंगे रूस और उत्तर कोरिया

# 24 साल बाद नॉर्थ कोरिया पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन

**एजेंसी** | सियोल

करीब 24 साल बाद मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय दौरे पर नॉर्थ कोरिया पहुंचे। किम जोंग उन ने खुद राजधानी प्योंगयांग में सुनान इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत किया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। अब दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। रूसी राष्ट्रपति के दो दिन के दौरे के तहत नॉर्थ कोरिया उनके लिए एक गाला कॉन्सर्ट का भी आयोजन करेगा। पुतिन वहां के इकलौते ऑर्थोडॉक्स चर्च का दौरा करेंगे। क्रेमलिन ने पुतिन के उत्तर कोरिया दौरे को मैत्रीपूर्ण राजकीय यात्रा करार दिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन मुद्दे पर समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया का धन्यवाद किया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि वे उत्तर कोरिया संग मिलकर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से निपटने के लिए काम करेंगे।



## UN ने लगा रखा है प्रतिबंध

उत्तर कोरिया परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के दबाव में है, जबकि रूस भी यूक्रेन पर हमले को लेकर अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। अमेरिका का दावा है कि उत्तर कोरिया ने रूस को यूक्रेन में उपयोग के लिए बैलिस्टिक मिसाइलें और 11000 कंटेनर से ज्यादा गोला-बारूद भेजा है।

## नौ महीने में दूसरी बार मुलाकात

नौ महीने में दूसरी बार पुतिन और किम जोंग के बीच मुलाकात हुई। दोनों की मुलाकात ने दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है। दोनों नेता की मुलाकात से इसलिए टेंशन बढ़ गया है, क्योंकि दोनों ही पश्चिम विरोधी हैं और एक तरह से इस वक्त अलग-थलग हैं। अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि हम इस दौरे से चिंतित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों के बीच गहरे होते संबंधों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया के गहरे होते संबंध इसलिए चिंता नहीं बढ़ाते हैं, क्योंकि इससे यूक्रेनी लोगों पर असर होगा, क्योंकि अभी भी उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइलों से यूक्रेन पर हमला किया जा रहा है, बल्कि इसका असर कोरियाई प्रायद्वीप पर भी होगी।

## दोनों के बीच बढ़ती मिलिट्री पार्टनरशिप

1970 के दशक के बाद से उत्तर कोरिया हथियारों का बड़ा सौदागर बनकर उभरा है। साल 2006 में संयुक्त राष्ट्र ने उत्तर कोरिया पर हथियारों के बेचने पर पाबंदी लगा दी थी। हालांकि, इसके बाद भी उत्तर कोरिया हथियार बेच रहा है। कुछ सालों में उत्तर कोरिया और रूस के बीच सैन्य दोस्ती अच्छी-खासी बढ़ रही है। अमेरिका का दावा है कि सितंबर 2022 में उत्तर कोरिया ने रूस को भारी मात्रा में तोपें और गोला-बारूद दिया था। जनवरी 2023 में भी उत्तर कोरिया ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन की प्राइवेट आर्मी कहे जाने वाले वैगनर ग्रुप को रॉकेट और मिसाइलें मुहैया कराई थीं। इतना ही नहीं, अमेरिका ने उत्तर कोरिया और रूस की सीमा की एक सैटेलाइट तस्वीर भी साझा की थी, जिसमें एक ट्रेन घातक हथियारों को ले जाते दिख रही थी।

### मौसम खराब... 10 दिन से एयरपोर्ट बंद


# माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में फंसे पर्वतारोही

**एजेंसी** | काठमांडू

माउट एवरेस्ट की चढ़ाई कर लौट रहे हजारों पर्वतारोही अचानक मौसम खराब होने से रास्ते में फंसे हुए हैं। यह लोग एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंच चुके हैं। बर्फीली हवाओं के बीच फंसे इन पर्वतारोहियों के पास मौसम खुलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। खराब मौसम के कारण बेस कैंप से सबसे करीब लुक्ला एयरपोर्ट (तेनजिंग हिलेरी विमानस्थल) पिछले 10 दिन से बंद है।

नेपाल में मानसून प्रवेश कर चुका है। लगातार बारिश होने से मौसम बिगड़ गया है। इन पर्वतारोहियों में नेपाल के अलावा अन्य देशों के भी नागरिक भी शामिल हैं। लुक्ला के एयर ट्राफिक कंट्रोलर दिवेश दाहाल ने बताया है कि आठ जून के बाद एक भी विमान ने उड़ान नहीं भरी है। मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक लुक्ला के मौसम में सुधार के कोई संकेत नहीं है।

## लुक्ला के सभी होटल फुल



एयरपोर्ट बंद होने के कारण लुक्ला के सारे होटल फुल हैं। सैकड़ों पर्यटकों को रूम नहीं मिल पाए हैं। ऐसे लोगों को स्थानीय प्रशासन ने होम स्टे सुविधा उपलब्ध कराई है। लुक्ला से पर्यटकों को एवरेस्ट बेस कैंप होते हुए चोटी पर चढ़ाई कराने वाले सोनाम शेरपा ने बताया कि कुछ पर्यटकों को पास के ही सुर्के हेलिपैड तक पहुंचाया जा रहा है। सुर्के हेलिपैड के लिए लुक्ला से दो घंटे की कठिन पैदल यात्रा करनी पड़ रही है। यहां से एक हेलिकॉप्टर में एक बार में पांच लोगों को ही काठमांडू पहुंचाया जाता है। सुर्के से काठमांडू का हेलिकॉप्टर का किराया 3000 डॉलर है। सोनाम शेरपा का कहना है कि दूसरा रास्ता सड़क मार्ग है। यह मार्ग कठिन है। लुक्ला से सड़क मार्ग जहां से जुड़ा है, वहां पहुंचने के लिए पर्वतारोहियों को करीब चार घंटे की पैदल यात्रा करनी पड़ रही है। कच्ची और उबड़ खाबड़ सड़क होने के कारण सिर्फ बोलेरो और सूमो जैसी गाड़ियां ही चल पा रही हैं। लुक्ला से 70 किलोमीटर दूर थामेडांडा है। थामेडांडा से काठमांडू की भाड़ा चार हजार रुपए प्रति व्यक्ति लिया जाता है।

### मान्यता देने वाला दक्षिण-पूर्वी एशिया का बना इकलौता देश

# थाईलैंड में समलैंगिक विवाह विधेयक पारित

**एजेंसी** | बैंकॉक

थाईलैंड की संसद ने मंगलवार को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को पारित कर दिया। ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड समलैंगिक विवाह को अनुमति देने वाला एशिया का तीसरा देश बन गया है। विधेयक को भारी मतों से पारित करने के साथ ही थाईलैंड समलैंगिक जोड़ों को मान्यता देने वाला दक्षिण-पूर्वी एशिया का इकलौता देश बन गया। मालूम हो कि अब इस विधेयक को थाईलैंड के राजा की औपचारिक स्वीकृति मिलने की आवश्यकता है, जिसके बाद इसे सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा। सदन से कानूनी मान्यता मिलने के बाद थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रीथा थाविसिन ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। विधेयक पर वोटिंग के दौरान सदन में 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया। वहीं, चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। सीनेट के 18 सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया में भाग नहीं लिया।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl